प्रभारों में रियायत की अनुशंसा से बचना, लागत में कटौती हेतु अनुकूल प्रयासों के माध्यम से परिचालन व्ययों में कमी लाना।

6. **अनुपालन:** उत्कृष्ट अनुपालन संस्कृति का विकास, लेखापरीक्षा अवलोकनों का उचित समाधान/ अनुपालन, सभी जीएल शीर्ष का मिलान सुनिश्चित करना, सभी नियामक निर्देशों का कड़ाई से पालन करना।

वित्त वर्ष 2018-19 के लिए, आपके बैंक ने छः विषयों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उन्नत अभिगम एवं उत्कृष्ट सेवा (ईएएसई)के अंतर्गत भारत सरकार के सुधार कार्यक्रमों के अनुसार अपनी कारोबार कार्यनीति का पुनर्निर्धारण किया है। (i) ग्राहक की प्रतिक्रिया – ग्राहक सुविधा में सुधार, (ii) स्वच्छ एवं विवेकपूर्ण कारोबार हेतु वित्तीय स्थिरता, बेहतर अभिशासन एवं सुगमता, (iii) ऋणों की सक्रियतापूर्वक सुपुर्दगी, (iv) एमएसएमई को वित्तपोषण एवं बिल उगाही की सुगमता, (v) वित्तीय समावेशन एवं डिजिटलीकरण का विकास, तथा (vi) ब्रांड पीएसबी हेतु कार्मिकों का विकास

आपका बैंक भारत सरकार द्वारा सूचित सुधार कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से पूंजी के इष्टतम उपयोग, परिचालन क्षमता में सुधार एवं शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि हेतु मार्ग प्रशस्त करने तथा निर्दिष्ट क्षेत्रों में कारोबार की अभिवृद्धि हेतु कारोबार कार्यनीति पर परिचर्चा के लिए माणिपाल में 15 मार्च 2018 को निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन किया गया।

कारोबार संवर्धन अभियान

अपने विभिन्न उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा अधिक कारोबार जुटाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए बैंक, कारोबार संवर्धन कार्यनीतियों को एक साधन मानता है। वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने कई संवर्धन अभियानों की शुरुआत की। उनमें से कुछ निम्नवत हैं :

- **कासा अभियान:** कम लागत वाली जमाराशियों, जिसमें जमाराशियों निधियों की लागत को कम करने वाले गुण सहित कई लाभ हैं, में महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल करने के उद्देश्य से, बैंक ने कासा अभियान चलाया।
- **आवास ऋण स्टार अभियान:** आवास ऋण क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने आवास ऋण स्टार अभियान का आयोजन किया।
- **कृषि ऋण अभियान:** कृषि ऋणों को बढ़ाने के उद्देश्य से बैंक द्वारा कृषि ऋण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, फसल उत्पादन ऋण, निवेश ऋण और एसएचजी/जेएलजी के लिंकेज को बढ़ाने पर जोर दिया गया।
- **स्वर्ण ऋण अभियान:** स्वर्ण ऋण संविभाग के अंतर्गत पूरा लाभ उठाने के उद्देश्य से, बैंक ने स्वर्ण ऋण अभियान का आयोजन किया।
- **डिजिटल प्रोन्नति अभियान:** ग्राहकों द्वारा डिजिटल चैनलों को अपनाने और व्यापारियों के ऑन-बोर्डिंग को बढ़ावा देने के लिए तथा डिजिटल लेनदारों पर केन्द्रित दृष्टिकोण रखने के उद्देश्य से, आपके बैंक द्वारा डिजिटल प्रोन्नति अभियान का शुभारंभ किया गया।

and third party products, refrain from recommending for concession in charges, reduce operating expenses through concerted efforts in cost cutting.

6. **Compliance:** Development of excellent compliance culture, Undertake proper rectification/ compliance of audit observations, Ensure tallying of all GL heads, Compliance of all regulatory directions meticulously.

For the FY 2018-19, your Bank has realigned its Business Strategy as per the reforms agenda of the Government of India under Enhanced Access and Service Excellence (EASE) focusing on the six themes. (i) Customer Responsiveness- Ease for customer comfort (ii) Financial stability, improved Governance and Ease for clean & prudent Business, (iii) Proactive delivery of credit, (iv) Ease of Financing and bill realisation for MSMEs, (v) Deepening of Financial Inclusion & Digitalization and (vi) Developing personnel for brand PSBs.

Your Bank is committed to implement the reforms agenda as advised by the Government of India for which the Board meeting to discuss Business Strategy was held at Manipal on 15th March, 2018 to lay down road map and strategy to enhance business in defined areas, optimize capital, improve operational efficiency and increase stakeholders' value.

BUSINESS PROMOTION CAMPAIGNS

Bank considers business promotional strategies as a tool to make continuous effort to popularize various products and garner more business. Bank had initiated number of promotional campaigns during the year 2017-18. Few of them are as under.

- **CASA campaign:** To achieve significant growth in low cost deposits which has many fold advantages including reduction in cost of deposits, Bank launched CASA campaign.
- **Home Loan Star campaign:** Keeping in view the stiff competition in Housing loan sector, Bank has conducted Home Loan Star campaign.
- **Agriculture lending campaign:** In order to increase advance under agriculture, Bank had organized agriculture lending campaign. During the campaign, thrust was given to increase crop production credit, investment credit and linkage of SHGs/JLGs.
- **Gold loan campaign:** In order to tap the full potential under Gold loan portfolio, Bank organized Gold loan campaign.
- **Digital Promotional Campaign:** In order to have a focused approach to drive Digital Transactions, your Bank launched Digital Promotional Campaign, for customer adoption of digital channels and on boarding of merchants.

- **एलआईसी अभियान:** शुल्क आधारित आय को बढ़ाने और ग्राहकों को बीमा रक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक द्वारा भारतीय जीवन बीमा के साथ गठजोड़ करके "**एलआईसी विजयोत्सव**" अभियान का शुभारंभ किया गया।
- **सिंड वसूली अभियान 17-18:** बैंक ने सिंड वसूली अभियान 17-18 का आयोजन किया। यह अभियान वसूली को बढ़ाने एवं एनपीए के अंतर्गत नई गिरावटों को रोकने तथा एनपीए के उन्नयन के माध्यम से बेहतर वसूली एवं एनपीए प्रबंधन के लिए लागू एक प्रोत्साहन योजना है, जिसके अंतर्गत श्रेष्ठ निष्पादक क्षेत्रों व शाखाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक के प्रमुख निष्पादन

निवल मालियत

बैंक की मूर्त निवल मालियत (आरक्षित निधियों के पुनर्मूल्यन, विदेशी मुद्रा अंतरण आरक्षित निधि एवं निवल डीटीए को छोड़कर), 31 मार्च 2017 के ₹12,392 करोड़ से घटकर 31 मार्च 2018 की स्थिति में ₹11,771 करोड़ हो गई।

लाभांश

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक को ₹3223 करोड़ की निवल हानि हुई है। चूंकि, बैंक ने लाभांश की घोषणा हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं कर पाया है, निदेशक मंडल द्वारा लाभांश की अनुशंसा नहीं की गई है।

पूंजी एवं आरक्षित निधि

31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की प्राधिकृत शेयर पूँजी ₹3000 करोड़ तथा प्रदत्त पूंजी ₹1417 करोड़ (प्रति शेयर ₹10/– की दर से 141,72,72,053 ईक्विटी शेयर) हो गई है।

बैंक की आरक्षित निधि एवं अधिशेष, पिछले वर्ष के मुकाबले 1.84 प्रतिशत की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए वि. वर्ष 2016-17 के ₹13,280 करोड़ की तुलना में वि. वर्ष 2017-18 में ₹13,525 करोड़ हो गए।

बासेल III के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता अनुपात, मार्च 2018 की स्थिति में 10.875% की नियामक अपेक्षा की तुलना में सुधरकर 12.24% हो गया, जिसमें पूंजी संरक्षण बफर 1.875% शामिल है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात के अंतर्गत, सीईटी I अनुपात 7.56% और टीयर I पूंजी अनुपात 9.41% रहा।

पूंजी की संरचना	मार्च 2017 बासेल–III	मार्च 2018 बासेल- III
जोखिमभार वाली आस्तियां	1,77,481	1,83,091
सीईटी I	13,298	13,843
सीईटी I (%)	7.50%	7.56%
एटी I	3,127	3,390
एटी I (%)	1.76%	1.85%
टीयर I पूंजी	16,425	17,233
सीआरएआर (%) (टीयर I)	9.26%	9.41%
टीयर II पूंजी	4,922	5,180
सीआरएआर% (टीयर II)	2.77%	2.83%
कुल पूंजी	21,347	22,413
सीआरएआर (%)	12.03%	12.24%

वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने ₹4,940 करोड़ की पूंजी बढ़ाई है जिसमें क्यूआईपी और भारत सरकार को अधिमानी आबंटन के आधार पर ₹3,990 करोड़

- **LIC Campaign:** To boost fee based income and also to provide to insurance coverage to customers, Bank launched **"LIC Vijayotsav"** campaign, in tie - up with LIC of India.
- **Synd Vasuli Abhiyan 1718:** Bank organized Synd Vasuli Abhiyan17-18, an incentive scheme to recognize performance of the branches and regions for maximizing recovery and NPA management through up-gradation and avoidance of fresh slippages.

PERFORMANCE HIGHLIGHTS OF THE BANK DURING THE FINANCIAL YEAR 2017-18

Net worth

Tangible Net Worth of the Bank (excluding Revaluation Reserve, Foreign Currency Translation Reserve and net DTA) decreased from ₹12,392 crore as at March 31, 2017 to ₹11,771 crore as at March 31, 2018.

Dividend

The Bank has incurred net loss of ₹3,223 crore during the financial year 2017-18. As the Bank does not conform to the eligibility criteria prescribed by RBI for declarations of dividend, the Board has not recommended any dividend.

Capital & Reserves

Bank's authorized share capital stood at ₹3,000 crore and the paid-up capital ₹1,417crore (141,72,72,053 equity shares of ₹10/- each) during the financial year ended as at March 31, 2018.

The Reserves and Surplus of the Bank increased from ₹13,280 crore in FY 2016-17 to ₹13,525 crore in FY 2017-18, registering a y-o-y growth of 1.84 per cent over the previous year.

Capital Adequacy Ratio, under Basel III, improved to 12.24% as at March 2018 against the regulatory requirement of 10.875%, including capital conservation buffer of 1.875%. Within the capital adequacy ratio, CET I ratio was at 7.56% and Tier I capital ratio was at 9.41%.

Composition of Capital	March 2017 Basel-III	March 2018 Basel-III
Risk Weighted Assets	1,77,481	1,83,091
CET I	13,298	13,843
CET I (%)	7.50%	7.56%
AT I	3,127	3,390
AT I (%)	1.76%	1.85%
Tier I Capital	16,425	17,233
CRAR (%) (Tier I)	9.26%	9.41%
Tier II Capital	4,922	5,180
CRAR % (Tier II)	2.77%	2.83%
Total Capital	21,347	22,413
CRAR (%)	12.03%	12.24%

During 2017-18, the Bank raised ₹4,940 crore capital comprising equity capital of ₹3,990 crore from QIP and

की इक्विटी पूंजी तथा बासेल III अनुवर्ती टीयर I एवं टीयर II बॉन्ड जारी करते हुए ₹450 करोड़ की अतिरिक्त टीयर I पूंजी और ₹500 करोड़ की टीयर II पूंजी शामिल है। पूंजी के मामले में बैंक की स्थिति अच्छी है। बैंक में भारत सरकार की शेयरधारिता 73.07% है।

preferential allotment to Government of India and ₹450 crore additional tier I capital and ₹500 crore tier II capital by issuing Basel III compliant Tier I and Tier II bonds. The Bank is comfortable in the capital front. Government of India's shareholding in the Bank is at 73.07%.

कारोबार

बैंक का वैश्विक कारोबार, 31 मार्च 2017 के ₹4,67,626 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में ₹4,96,122 करोड़ हो गया जबकि, बैंक का घरेलू कारोबार, 31 मार्च 2017 के ₹4,05,920 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में ₹4,22,569 करोड़ रहा।

जमाराशियां

बैंक की वैश्विक जमाराशियाँ, 31 मार्च 2017 के ₹2,60,561 करोड़ की तुलना में बढ़कर 31 मार्च 2018 की स्थिति में ₹2,72,776 करोड़ हो गई। बैंक की घरेलू जमाराशियाँ, 31 मार्च 2017 के ₹2,34,543 करोड़ की तुलना में बढ़कर 31 मार्च 2018 की स्थिति में ₹2,41,092 करोड़ हो गई।

कासा जमाराशियाँ

बैंक की घरेलू कासा जमाराशियाँ, 31 मार्च 2017 के ₹75,792 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में 6.03 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹80,362 करोड़ हो गई। 31 मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार घरेलू जमाराशि पर घरेलू कासा की हिस्सेदारी की प्रतिशतता 33.33 प्रतिशत रही।

ऋण विनियोजन

बैंक के वैश्विक अग्रिम, 31 मार्च 2017 के ₹2,07,065 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर ₹2,23,346 करोड़ हो गए। घरेलू अग्रिम, 31 मार्च 2017 के ₹1,71,377 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर ₹1,81,477 करोड़ हो गए। वैश्विक ऋण जमा अनुपात, 31 मार्च 2017 के 79.47 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर 81.88 प्रतिशत हो गया।

(₹ करोड़ में / in crore)



(₹ करोड़ में / in crore)



(₹ करोड़ में / in crore)



Business

The global business of the Bank stood at ₹4,96,122 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹4,67,626 crore as at March 31, 2017 whereas, Bank's domestic business stood at ₹4,22,569 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹4,05,920 crore as at March 31, 2017.

Deposits

Global deposits of the Bank stood at ₹2,72,776 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹2,60,561 crore as at March 31, 2017. Domestic deposits of the Bank stood at ₹2,41,092 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹2,34,543 crore as at March 31, 2017.

CASA Deposits

Domestic CASA deposits of the Bank increased from ₹75,792 crore as at March 31, 2017 to ₹80,362 crore as at March 31, 2018, registering a growth of 6.03 per cent. Per centage of domestic CASA share to domestic deposits stood at 33.33 per cent as at March 31, 2018.

Credit Deployment

The Bank's global advances increased from ₹2,07,065 crore as at March 31, 2017 to ₹2,23,346 crore as at March 31, 2018. Domestic advances grew from ₹1,71,377 crore as at March 31, 2017 to ₹1,81,477 crore as at March 31, 2018. The global credit deposit ratio stood at 81.88 per cent as at March 31, 2018 as compared to 79.47 per cent as at March 31, 2017.

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम, वर्ष 2016-17 के ₹67,905 करोड़ से 7.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2017-18 के दौरान ₹72,762 करोड़ हो गए जो एएनबीसी का 42.41 प्रतिशत बनता है, जबकि इसका अधिदेशात्मक स्तर 40 प्रतिशत है।

कुल कृषि अग्रिम, वर्ष 2016-17 के ₹ 31,878 करोड़ की तुलना में 6.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 33,822 करोड़ हो गए जो एएनबीसी का 19.28 प्रतिशत बनता है, जबकि इसका अधिदेशात्मक स्तर 18 प्रतिशत है।

एमएसई अग्रिम, 31 मार्च 2017 के ₹24,866 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर ₹24,888 करोड़ हो गए। एमएसएमई अग्रिम, वर्ष 2016-17 के ₹26,981 करोड़ की तुलना में वर्ष 2017-18 में 1.20% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹27,306 करोड़ हो गए।

लाभप्रदता

बैंक का परिचालन लाभ, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹4,233 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 8.72 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करते हुए ₹3,864 करोड़ पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹359 करोड़ के निवल लाभ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक को ₹3,223 करोड़ की निवल हानि हुई है।

कर्मचारी उत्पादकता

बैंक का प्रति कर्मचारी कारोबार (बैंक जमाराशियों को छोड़कर) 31 मार्च 2017 के ₹13.51 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर ₹14.39 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान प्रति कर्मचारी लाभ, ₹(9.91) लाख दर्ज किया गया।

आय एवं व्यय

बैंक की कुल आय, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹26,461 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹24,582 करोड़ दर्ज की गई।

बैंक की ब्याजी आय, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹23,004 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹21,776 करोड़ दर्ज की गई।

बैंक की गैर-ब्याजी आय, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹3,457 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में 18.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ ₹2,806 करोड़ दर्ज की गई।

बैंक का ब्याज व्यय, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹16,728 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में 9 प्रतिशत गिरकर ₹15,224 करोड़ हो गया है।

तथापि, बैंक की निवल ब्याज आय (एनआईआई), वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹6,276 करोड़ से 4.40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹6,552 करोड़ हो गई।

बैंक का परिचालन व्यय, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹5,500 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ ₹5,494 करोड़ हो गया है।

Priority Sector Advances increased from ₹67,905 crore in 2016-17 to ₹72,762 crore in 2017-18 registering a growth of 7.15 per cent and forming 42.41 per cent of ANBC as against mandatory level of 40 per cent.

Total Agriculture Advances increased from ₹31,878 crore in 2016-17 to ₹33,822 crore in 2017-18 registering a growth of 6.09 per cent and forming 19.28 per cent of ANBC as against mandatory level of 18 per cent.

MSE Advances stood at ₹24,888 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹ 24,866 crore as at March 31, 2017. MSME Advances increased from ₹26,981 crore in 2016-17 to ₹27,306 crore in 2017-18 registering a growth of 1.20%.

Profitability

Operating profit of the Bank decreased to ₹3,864 crore for the FY 2017-18 from ₹4,233 crore for the FY 2016-17, a decline of 8.72 per cent. Net loss of the Bank stood at ₹3,223 crore for the FY 2017-18 as against Net Profit of ₹359 crore for the FY 2016-17.

Employees' Productivity

Business per employee (excluding Bank Deposits) of the Bank stood at ₹14.39 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹13.51 crore as at March 31, 2017. Profit per employee for the year FY 2017-18 was ₹(9.91) lakh.

Income & Expenditure

The Bank's total income stood at ₹24,582 crore in the FY 2017-18 as compared to ₹26,461 crore in the FY 2016-17.

The Bank's interest income stood at ₹21,776 crore in the FY 2017-18 as compared to ₹23,004 crore in the FY 2016-17.

The non-interest income of the Bank declined by 18.83 per cent from ₹3,457 crore in the FY 2016-17 to ₹2,806 crore in the FY 2017-18.

The Interest expenditure of the Bank decreased to ₹15,224 crore in the FY 2017-18 as against ₹16,728 crore in the FY 2016-17, recording a decrease of 9 per cent.

However, the Bank's Net Interest Income (NII) increased by 4.40 per cent from ₹6,276 crore in the FY 2016-17 to ₹6,552 crore in the FY 2017-18.

Operating expenditure of the Bank decreased by 0.11 per cent from ₹5,500 crore in the FY 2016-17 to ₹5,494 crore in the FY 2017-18.

महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपात

ए) बैंक का निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम), वित्तीय वर्ष 2016-17 के 2.37 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में बढ़कर 2.44 प्रतिशत हो गया है।

बी) बैंक के अग्रिमों पर अर्जन, वित्तीय वर्ष 2016-17 के 8.34 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में 7.51 प्रतिशत रहा।

सी) बैंक की जमाराशियों की लागत, वित्तीय वर्ष 2016-17 के 5.86 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में 5.10 प्रतिशत रहा।

डी) बैंक का प्रति शेयर बही मूल्य, वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹154.64 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹105.43 हो गया है।

ई) बैंक का निवल एनपीए अनुपात, 31 मार्च 2017 के 5.21 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में 6.28 प्रतिशत हो गया है।

एफ) बैंक का सकल एनपीए अनुपात, 31 मार्च 2017 के 8.50 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में 11.53 प्रतिशत हो गया है।

जी) बैंक का अनर्जक आस्ति प्रावधान कवरेज अनुपात, 31 मार्च 2017 के 56.37 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में 60.71 प्रतिशत हो गया है।

एच) बासेल III के अनुसार बैंक का पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर), 31 मार्च 2017 के 12.03 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2018 की स्थिति में बढ़कर 12.24 प्रतिशत हो गया है।

वित्तीय निष्पादन

प्रमुख वित्तीय अनुपात (%)	मार्च 2017	मार्च 2018
लागत निधि	5.53	4.94
अर्जन निधि	7.60	7.06
जमा लागत	5.86	5.10
अग्रिमों पर अर्जन	8.34	7.51
निवेशों पर अर्जन	7.87	7.61
निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)	2.37	2.44
आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए)	0.12	-1.05
इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई)	3.02	-26.68
आय अनुपात लागत	56.51	58.71
प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) ₹	4.21	-34.00
प्रति शेयर बही मूल्य ₹	154.64	105.43
निवल अनर्जक आस्ति अनुपात	5.21	6.28
सकल अनर्जक आस्ति अनुपात	8.50	11.53
प्रावधान कवरेज अनुपात	56.37	60.71

शाखा नेटवर्क का विस्तार

वर्ष के दौरान बैंक ने 105 बैंकिंग आउटलेट शामिल किए है जिससे 31 मार्च 2018 की स्थिति में बैंक के आउटलेट की कुल संख्या 4013 हो गई हैं और बैंक के शाखा नेटवर्क में 1239 ग्रामीण शाखाएं, 1127 अर्धशहरी शाखाएं, 813 शहरी शाखाएं 833 महानगरीय शाखाएं और लंदन में 1 विदेशी शाखा शामिल है। इनमें से 1305 शाखाएँ कम बैंक सुविधा वाले जिलों में तथा 996 शाखाएँ अल्पसंख्यक बहुल जिलों में स्थित हैं।

Important Financial Ratios

a) The Bank's Net Interest Margin (NIM) improved to 2.44 per cent in the FY 2017-18 as compared to 2.37 per cent in the FY 2016-17.

b) The yield on advances of the Bank stood at 7.51 per cent in the FY 2017-18 as compared to 8.34 per cent in the FY 2016-17.

c) The cost of deposits of the Bank stood at 5.10 per cent in the FY 2017-18 as compared to 5.86 per cent in the FY 2016-17.

d) The Book Value Per Share of the Bank stood at ₹105.43 in the FY 2017-18 from ₹154.64 in the FY 2016-17.

e) Net NPA ratio of the Bank stood at 6.28 per cent as at March 31, 2018 as compared to 5.21 per cent as at March 31, 2017.

f) Gross NPA ratio of the Bank stood at 11.53 per cent as at March 31, 2018 as compared to 8.50 per cent as at March 31, 2017.

g) NPA provision coverage ratio of the Bank stood at 60.71 per cent as at March 31, 2018 as compared to 56.37 per cent as at March 31, 2017.

h) The Capital Adequacy Ratio (CRAR) of the Bank, as per Basel III improved to 12.24 per cent as at March 31, 2018 as compared to 12.03 per cent as at March 31, 2017.

Financial Performance

Key Financial Ratio (%)	March 2017	March 2018
Cost of Funds	5.53	4.94
Yield of Funds	7.60	7.06
Cost of Deposits	5.86	5.10
Yield on Advances	8.34	7.51
Yield on Investments	7.87	7.61
Net Interest Margin (NIM)	2.37	2.44
Return on Assets (RoA)	0.12	-1.05
Return on Equity (ROE)	3.02	-26.68
Cost to Income Ratio	56.51	58.71
Earning Per Share (EPS) ₹	4.21	-34.00
Book Value Per Share ₹	154.64	105.43
Net NPA Ratio	5.21	6.28
Gross NPA Ratio	8.50	11.53
Provision Coverage Ratio	56.37	60.71

EXPANSION OF BRANCH NETWORK

During the year, the Bank has added 105 Banking Outlets to its network and the total number of Banking Outlets were at 4013 as on 31st March, 2018 and Banking Outlets network consists 1239 rural, 1127 semi-urban, 813 urban, 833 metro and 1 overseas Banking Outlet at London. These include 1,305 outlets in under banked districts and 996 outlets in minority concentration districts.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक को अपनी 25 प्रतिशत नई शाखाएँ, बैंकिंग सुविधारहित 5-6 टीयर के ग्रामीण केन्द्रों में खोलनी होगी। वि.व. 2017-18 के दौरान, बैंक ने बैंकरहित ग्रामीण क्षेत्रों (यूआरसी)/ नक्सली जिलों (एलडब्ल्यूई) में 26 नए बैंकिंग आउटलेट खोले हैं। इसके अतिरिक्त 31.03.2018 की स्थिति के अनुसार, बैंक के कुल 979 अंशकालिक आउटलेट (अति न्यून शाखाएँ) हैं। बैंक ने 25 अलाभकारी शाखाओं का विलय भी किया है। वि.व. 2017-18 के दौरान बैंक ने 9 नए क्षेत्रीय कार्यालय, (आरओ) और 14 खुदरा एवं एमएसएमई उधार केंद्र (आरएमएलसी) खोले हैं।

31.03.2018 तक स्थापित स्वचालित टेलर मशीनों (एटीएम)/ बंच नोट एक्सेप्टर (बीएनए) एटीएम की कुल संख्या 4248 हो गई है। आरबीआई की अधिसूचना दि. 18.05.2017 के अनुसार बैंक ने नई शाखा विस्तार नीति को अपनाया है। 31 मार्च 2018 की स्थिति में बैंक का ग्राहक आधार 55 मिलियन से अधिक हो गया है।

खुदरा ऋण

दीर्घ चुकौती अवधि के कारण ऋण संविभाग की स्थिरता, जोखिम स्प्रेड, और अग्रिमों पर बेहतर प्रतिलाभ के कारण बैंक ने अपना ध्यान खुदरा संविभाग पर केंद्रित करना जारी रखा है। खुदरा ऋण संविभाग से आय में नियमित सुधार देखा गया है और इससे बैंक की लाभप्रदता, आस्ति संविभाग की गुणवत्ता बरकरार रखने, जोखिम प्रसरण और निवल ब्याज मार्जिन को सुधारने में सहायता मिली है। खुदरा संविभाग का बैंक के घरेलू ऋण में 19.79 प्रतिशत का योगदान है।

हमारा खुदरा कारोबार एवं एमएसएमई विभाग बाजार की प्रवृत्ति के अनुरूप नए उत्पादों को तैयार करने और मौजूदा उत्पादों में संशोधन करने में निरंतर तत्पर है। खुदरा ऋण संविभाग के तहत हमारा निष्पादन निम्नवत् है:

(₹ करोड़ में)

योजना	31.03.2017	31.03.2018	वार्षिक वृद्धि	
			शुद्ध	(%)
आवास ऋण	14,981	17,309	2,328	16
वाहन ऋण	3,001	3,065	64	2
शिक्षा ऋण	2,893	3,032	139	5
अन्य खुदरा ऋण	6,789	7,796	1,007	15
कुल	**27,664**	**31,202**	**3,538**	**13**
₹5 करोड़ तक के एलडी, ओोडीडी एवं स्टाफ ऋण	6,052	4,717	(1,335)	(22)
कुल	**33,716**	**35,919**	**2,203**	**7**

प्रमुख पहल

आवास ऋण

- खुदरा एवं एमएसएमई ऋणों के अंतर्गत अग्रिमों की गुणवत्ता को बढ़ाने व उनके प्रसंस्करण के लिए बैंक ने केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों की स्थापना की है। बैंक ने अपने सभी मौजूदा 13 केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्रों (सीपीसी) को खुदरा एवं एसएसएमई ऋण केन्द्रों (आरएमएलसी) के रूप में परिवर्तित किया है तथा 14 संभाव्य केन्द्रों पर 14 नए आरएमएलसी भी खोले हैं ताकि खुदरा एवं एमएसएमई ऋणों का बिना किसी विलंब के मानकीकृत रूप में सुगमता से प्रसंस्करण किया जा सके।

As per RBI guidelines, banks are required to open 25 per cent of the new Banking Outlets in rural unbanked tier 5-6 centers. During the FY 2017-18, 26 new Banking Outlets are opened in Unbanked Rural Centres (URC)/Left-wing Extremism (LWE) districts. In addition, Bank has 979 Part-time Banking Outlets (Ultra Small branches) as on 31.03.2018. The Bank also merged 25 unviable Banking Outlets. The Bank has opened 9 Regional Offices (ROs) and 14 Retail & MSME Loan Centers (RMLCs) during the FY 2017-18.

The total number Automated Teller Machines (ATMs)/ Bunch Note Acceptors (BNAs) installed up to 31st March, 2018 was at 4248. The Bank adopted the New Branch Expansion Policy as per RBI Notification dated 18.05.2017. The Bank has a customer base of over 55 million as at March 31, 2018.

RETAIL LENDING

Retail lending continues to be the thrust area of the Bank on account of spread of risk, better yield of advances and stability of credit portfolios due to longer repayment period. Income stream from retail credit portfolio has shown steady improvement and this has contributed to profitability, maintaining quality of asset portfolio, risk distribution and improvement of Net Interest Margin of the Bank. Retail portfolio contributes nearly 19.79 per cent of domestic credit of the Bank.

Retail Business & MSME Department has been consistently making efforts to design new products and modify the existing products in tune with market trend. Performance under retail credit portfolio is as under.

(₹ in crore)

Scheme	31.03.2017	31.03.2018	Annual growth	
			Absolute	(%)
Housing loans	14,981	17,309	2,328	16
Vehicle loans	3,001	3,065	64	2
Education loans	2,893	3,032	139	5
Other retail loans	6,789	7,796	1,007	15
Total	**27,664**	**31,202**	**3,538**	**13**
LD & ODD up to ₹ 5 crore and staff loans	6,052	4,717	(1,335)	(22)
Total	**33,716**	**35,919**	**2,203**	**7**

Major initiatives

Housing loans

- Bank has introduced central processing centers for processing, strengthening quality advances under Retail and MSME loans. Bank has converted all the existing 13 central processing centers (CPCs) to Retail and MSME Loan Centers (RMLCs) and 14 new RMLCs have also been opened in potential centers to standardize and streamline processing of the Retail & MSME loans without delay.

- आरएमएलसी की शुरुआत के पश्चात्, शाखाएँ संकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए मुक्त रूप से बिक्री एजेंट के रूप में कार्य कर सकेंगी। बैंक अन्य क्षमतायुक्त केंद्रों में इस प्रकार के आरएमएलसी स्थापित करने की प्रक्रिया में है।
- आवास ऋण जुटाने के लिए बैंक ने आवास ऋण परामर्शदाताओं (एचएलसी) को सूचीबद्ध करना प्रारंभ किया है।
- बैंक ने 31.03.2018 तक आवास ऋण के अंतर्गत प्रसंस्करण और प्रलेखन प्रभारों में छूट प्रदान की है।
- बैंक ने तृतीय आवास के लिए एमसीएलआर +1.10 प्रतिशत की ब्याज दर पर वित्तपोषण प्रदान करने के लिए आवास योजना (सीआरई) की शुरुआत की है।

आवास ऋण स्टार अभियान : आवास ऋण क्षेत्र में उच्च प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने 01.08.2017 से 31.03.2018 तक आवास ऋण स्टार अभियान चलाया। स्टार अभियान के दौरान ₹2,901 करोड़ मूल्य के 19,116 आवास ऋण जुटाए गए।

वाहन ऋण:

- दिनांक 27.09.2017 से 31.01.2018 तक त्यौहारी सीजन के दौरान बैंक द्वारा ब्याज दर में कमी की गयी और प्रसंस्करण एवं प्रलेखन प्रभारों में छूट दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने प्रसंस्करण एवं प्रलेखन प्रभारों में 50% की छूट प्रदान की।

शिक्षा ऋण

- बैंक ने 'सिंड विद्या-अब्रॉड' नामक शिक्षा ऋण योजना शुरू की है जिसके तहत विदेश में अध्ययन हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को ₹20.00 लाख से ₹200.00 लाख तक की ऋण सुविधा प्रदान की जाती है।
- विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने में सुविधा प्रदान करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए ''विद्यालक्ष्मी पोर्टल'' के साथ भी बैंक को जोड़ा गया है।
- बैंक ने ₹7.50 लाख तक के संपार्श्वमुक्त शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए ''शिक्षा ऋणों के लिए ऋण गारंटी निधि योजना'' तथा कौशल विकास हेतु ₹1.50 लाख तक के संपार्श्वमुक्त शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए ''कौशल विकास के लिए ऋण गारंटी निधि योजना'' का भी क्रियान्वयन किया है।

स्वर्ण ऋण

बैंक ने सोने के 70 प्रतिशत निवल मूल्य पर वित्त के वर्धित पैमाने के साथ ईएम आई चुकौती सुविधा सहित ''सिंड स्वर्ण'' अर्धवार्षिक बुलेट चुकौती नामक नए स्वर्ण ऋण उत्पाद की शुरुआत की है। ग्रामीण जनता की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अर्धवार्षिक बुलेट चुकौती सुविधा प्रदान की गई है।

ग्रामीण खुदरा ऋण पर बल

बैंक की 59% ग्रामीण व अर्धशहरी शाखाएं हैं जो बैंक के कुल खुदरा ऋण संविभाग में 37% की भागीदारी रखते हैं। भारत सरकार के मिशन पर ''सभी के

- With the introduction of RMLCs, branches will be free to act as selling agents with focused approach. Bank is in the process of identifying such RMLCs in other potential centers, as well.
- Bank has introduced the empanelment of Home Loan Counselors (HLC) for canvassing/mobilizing housing loans.
- Bank has waived processing and documentation charges on housing loans up to 31.03.2018.
- Bank has introduced Housing loan (CRE) scheme for financing of third house onwards with interest i.e at MCLR+1.10 per cent.

Home Loan Star campaign: Keeping in view of stiff competition in Housing loan sector, Bank has conducted Home Loan Star campaign from 01.08.2017 to 31.03.2018. During the star campaign 19,116 housing loans were mobilized amounting to ₹2,901 crore**.**

Vehicle Loans

- Bank has reduced rate of interest and also waived processing and documentation charges during festive seasons from 27.09.2017 to 31.01.2018.
- Bank has also implemented 50% waiver of processing and documentation charges during financial year 2017-18.

Education loans

- Bank has introduced Synd Vidya–Abroad educational loan scheme, an education loan facility above ₹20.00 lakhs and up to ₹200.00 lakhs to students who wish to go abroad for study.
- Bank also integrated with "Vidyalakshmi Portal", an initiative by the Ministry of Human Resources Development to facilitate students to apply for education loans online.
- Bank has also implemented the "Credit Guarantee Fund Scheme for Education Loans", to provide collateral free education loans up to ₹7.50 lakh and "Credit Guarantee Fund Scheme for Skill Development" to provide collateral free education loans for skill development up to ₹1.50 lakh to students.

Gold Loans

Bank has introduced new gold loan product "SyndSwarna"– Half yearly bullet repayment as well as EMI repayment facility with enhanced scale of finance at 70% net value of gold. Half yearly bullet repayment facility to mitigate emergency financial needs of rural people.

Strength in Rural Retail Lending:

Bank has 59% of Rural and Semi urban branches which are contributing 37% of total Retail portfolio of the Bank.

लिए किफायती आवास'' को हासिल करने हेतु ग्रामीण/अर्धशहरी क्षेत्रों में मौजूद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और कम आय समूह (एलआईजी) की आवासीय आवश्यकताओं के लिए ऋण प्रवाह में सुधार लाने हेतु बैंक ने ''सिंड कुटीर'' योजना बनाई है।

कुछेक राज्यों में कृषि संपत्तियों को भी संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार करके शिक्षा ऋण प्रदान किए जाते हैं। बैंक के कृषि क्षेत्र को उधार देने के साथ-साथ आवास ऋण, वाहन ऋण, वैयक्तिक ऋण, बंधक ऋण, लघु विक्रेताओं, दुकानदारों एवं खुदरा व्यापारियों के लिए खुदरा ऋण और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर के लिए ऋण, जैसे विभिन्न योजनाओं की भी शुरुआत की है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अग्रिम

बैंक ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) पर जोर देते हुए एमएसएमई के वित्तीयन पर अधिक बल देना जारी रखा है। वर्ष 2017-18 में बैंक ने ₹4,708 करोड़ की राशि के 1,17,422 एमएसएमई ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए हैं। एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को जारी कुल अग्रिम समग्र अग्रिम का 90.45% रहा जबकि, एमएसएमई के तहत मध्यम उद्यमों को जारी अग्रिम 9.55% है ।

एमएसई अग्रिम, 2016-17 के ₹24,866 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2017-18 के दौरान ₹24,888 करोड़ हो गए हैं। एमएसएमई अग्रिम, 31 मार्च 2018 के ₹26,981 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2017 की स्थिति में ₹27,306 करोड़ हो गए।

मुद्रा योजना के अंतर्गत, बैंक ने 31.03.2018 की स्थिति में ₹3,945 करोड़ की राशि के 1,85,377 खाते स्वीकृत किए और ₹3272 करोड़ वितरित किए जबकि वित्त मंत्रालय द्वारा एतदर्थ निर्धारित लक्ष्य ₹ 4400 करोड़ था।

स्टैंड अप इंडिया योजना के अंतर्गत बैंक ने 31.03.2018 की स्थिति में ₹178 करोड़ की राशि के 701 खाते स्वीकृत किए और ₹110 करोड़ वितरित किए । मार्च 2018 की स्थिति में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बैंक द्वारा जारी अग्रिम ₹27,306 करोड़ में से सूक्ष्म उद्यमों का कुल बकाया अग्रिम ₹17,705 करोड़ है, जो निर्धारित लक्ष्य 60% से अधिक है।

एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह को बढ़ाने के लिए किए गए अन्य पहल

एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह को बढ़ाने के लिए बैंक द्वारा निम्नांकित पहल किए गए।

❖ **व्यापार प्राप्य भुनाई प्रणाली (TReDS) :**

बैंक ने व्यापार प्राप्य भुनाई प्रणाली प्लैटफार्म का प्रयोग करने के लिए दिनांक 11.01.2018 को भारतीय प्राप्य विनिमय लिमिटेड (आरएक्सआईएल) के साथ समझौता ज्ञापन किया है । वर्तमान में, दिनांक 31.03.2018 से इस प्रकार के परिचालनों के लिए 'बृहद् कॉरपोरेट शाखा', मुंबई को प्राधिकृत शाखा के रूप में नामित किया गया है। व्यापार प्राप्य भुनाई प्रणाली (टीआरईडीएस) एक संस्थागत तंत्र है, जिसकी स्थापना कॉरपोरेट और सरकारी विभाग तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसयू) सहित अन्य क्रेताओं

Bank is having "SyndKutteer" scheme to improve flow of credit for housing needs of the Economically Weaker Sections(EWS) and Low Income Groups (LIGs) segment in Rural/Semi Urban areas to accomplish Govt of India Mission of "Affordable Housing to All".

In certain states, Education loans are also extended by considering agriculture properties as collateral security. Bank has also introduced different schemes like Housing loans, Vehicle loans, Personal loans, Mortgage loans, Retail trade for small vendors, shopkeepers and Retail traders and loans for transport operators besides lending to Agriculture.

ADVANCES TO MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES (MSME)

Bank continues to accord greater thrust on financing MSMEs with emphasis on Micro and Small Enterprises (MSEs). The Bank has sanctioned 1,17,422 MSME loans and disbursed amounting to ₹4,708 crore in the year 2017-18. The advances to Micro and Small Enterprises constitutes 90.45 per cent of the total advances under MSME sector while advances to Medium Enterprises constitutes 9.55 per cent under MSME.

MSE Advances increased from ₹ 24,866 crore in 2016-17 to ₹24,888 crore in 2017-18. MSME Advances stood at ₹27,306 crore as at March 31, 2018 as compared to ₹ 26,981 crore as at March 31, 2017.

Under MUDRA scheme, Bank has sanctioned 1,85,377 accounts amounting to ₹3,945 crore against target of ₹4400 Crore allotted by the Ministry of Finance and disbursed ₹3,272 crore as on 31.03.2018.

Bank has sanctioned 701 accounts amounting to ₹178 crore and disbursed ₹110 crore as on 31.03.2018 under Stand up India Scheme. The outstanding advances to Micro Enterprises of the Bank constitute ₹17,705 crore of advances to Micro and Small Enterprises Sector at ₹27,306 crore which is above the stipulated target of 60% as on March 2018.

Other Initiatives taken to increase credit flow to MSME Sector

In order to increase credit flow to MSME sector, the following initiatives have been taken by the Bank.

❖ **Trade Receivables Discounting System (TReDS):**

Bank has executed MoU with Receivables Exchange of India Ltd (RXIL) on 11.01.2018 for on boarding their TReDS platform. Presently, Large Corporate Branch, Mumbai is designated as Authorized Branch for operations with effect from 30.03.2018. Trade Receivable Discounting System (TReDS) is an institutional mechanism set up

से एमएसएमई के व्यापार प्राप्य को विभिन्न वित्तपोषकों के जरिए वित्तपोषित करने के लिए किया गया है ।

❖ बैंक ने अपने एमएसएमई उत्पादों को युक्तिसंगत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं । अपने परिचालन स्तर की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, 6 एमएसएमई उत्पादों को संशोधित किया गया है । इस प्रकार, बैंक ने एमएसएमई के प्रमुख उत्पाद के रूप में अपने एमएसएमई उत्पादों की संख्या को 14 से घटाकर 6 किया है ।

❖ बैंक ने एमएसएमई के अंतर्गत अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए एमएसएमई सम्मेलनों और मुद्रा शिविरों का आयोजन किया है।

❖ बैंक ने परिवहन के क्षेत्र में ऋण की प्रस्थिति को बढ़ाने के लिए विभिन्न वाणिज्यिक वाहनों की खरीदी हेतु उनके प्रख्यात निर्माताओं जैसे, टाटा मोटर्स, बजाज आटो, फोर्स मोटर्स, टीवीएस मोटर्स, अशोक लीलैंड, पियाजिओ वेहिकल्स प्रा. लि., सैश इलेक्ट्रिक आटो प्रा.लि., आईशर पोलारिस प्रा.लि. और बीईएमएल लि. के ग्राहकों का अधिमान्य वित्तपोषक बन कर उन कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित है ।

❖ 77 एमएसएमई शाखाओं का नाम परिवर्तित करके उद्यमी मित्र शाखा किया गया है।

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र ऋण

विभिन्न क्षेत्रों को ऋण उपलब्ध कराने में बैंक को प्राप्त अनुभवों के आधार पर और आर्थिक वृद्धि की गतिशीलता, सरकारी दिशानिदेशों, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं सामाजिक-आर्थिक उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

धारणीय ऋण संवृद्धि, आस्ति गुणवत्ता में सुधार, उच्चतर आमदनी एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए विविध प्रकार के ऋण संविभाग को बनाए रखने हेतु, बैंक ने वर्ष के दौरान विभिन्न कार्यनीतियों को अपनाया है। बैंक ने अपनी स्थिति के समेकन और आस्ति गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देते हुए प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र ऋण के तहत अपनी विकास यात्रा जारी रखा है। कृषि, एसएमई, शिक्षा, आवास, सूक्ष्म वित्त एवं अर्थव्यवस्था के अन्य उत्पादक क्षेत्र, ऋण उपलब्ध कराने के प्रमुख क्षेत्र हैं।

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

मार्च 2018 की स्थिति के अनुसार, बैंक के प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिम, 7.15 प्रतिशत बढ़कर ₹72,762 करोड़ पर पहुँच गए हैं (मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार ₹67905 करोड़ से), जो 40 % के अधिदेशी स्तर की तुलना में समायोजित निवल बैंक ऋण (एनबीसी) का 42.41% बनता है। बैंक ने प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों के अंतर्गत 33.39 लाख से भी अधिक ग्राहकों को लाभ पहुँचाया है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक समुदायों, कमज़ोर वर्गों तथा महिलाओं की ऋण आवश्यकताओं की पूर्ण रूप से पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विशेष ध्यान रखा गया है। कमजोर वर्गों को दिए गए अग्रिमों का स्तर ₹24710 करोड़ तक पहुँच गया है जो एएनबीसी का 14.40 % प्रतिशत बनता है तथा इस क्षेत्र के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत के अनिवार्य लक्ष्य से अधिक है। महिला ग्राहकों को दिए गए अग्रिम, मार्च 2017 के ₹18778 करोड़ से

for financing of trade receivables of MSMEs from corporates and other buyers including Government Departments and Public Sector Undertakings (PSUs) through multiple financiers.

❖ Bank has taken steps to rationalize MSME products. In order to simplify the process at operational level, 6 MSME products are modified and 8 products are discontinued, bringing down the number of MSME products from 14 to 6, as anchor products.

❖ Bank has organised MSME meets & MUDRA camps to augment business under MSME.

❖ Bank has entered into MOU with reputed Manufacturers of Commercial vehicles like Tata Motors, Bajaj Auto, TVS Motors, Force Motors, Ashok Leyland, Piaggio Vehicles Pvt Ltd, Saera Electric Auto Pvt Ltd, Eicher Polaris Pvt Ltd and BEML Ltd for preferred financier for financing customers of the companies for purchase of various models of commercial vehicles to increase credit under transport sector.

❖ 76 MSME branches renamed as UdyamiMitra branches.

PRIORITY SECTOR CREDIT

Based on the Bank's experience in lending to different sectors and keeping in view the dynamics of economic growth, Government directives, national priorities and socio-economic obligations, thrust was given to priority sector lending.

The Bank has adopted various strategies during the year to achieve sustainable credit growth, improved asset quality, higher earnings and for maintaining well diversified credit portfolio covering all sections of the society to ensure inclusive growth. The Bank has continued its growth under priority sector lending with added thrust on consolidation of its position and focus on asset quality. The focus areas for credit were agriculture, SMEs, education, housing, micro finance and other productive sectors of the economy.

Priority Sector Advances

Priority sector advances of your Bank increased by 7.15 per cent to ₹72,762 crore as at March 2018 (from ₹67,905 crore as at March 2017) constituting 42.41 per cent of Adjusted Net Bank Credit (ANBC) against the mandatory level of 40 per cent. The Bank has covered more than 33.39 lakh customers under priority sector advances. Special care was taken to ensure that the credit needs of SC/ST, minorities, weaker sections and women are fully met. Advances to weaker sections have reached a level of ₹24,710 crore forming 14.40 per cent of ANBC, thereby surpassing the mandatory requirement of 10 per cent. The advances to women customers increased from ₹18,778 crore as at March 2017 to ₹20,455 crore as at March 2018, forming 11.92 per cent of ANBC against the

बढ़कर मार्च 2018 को ₹20455 करोड़ हो गए हैं जो 5 प्रतिशत के अधिदेशी स्तर की तुलना में एएनबीसी का 11.92% है। इसी प्रकार, अल्पसंख्यकों को दिए गए ऋण, मार्च 2017 के ₹10611 करोड़ से बढ़कर मार्च 2018 को ₹11060 करोड़ हो गए, जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण का 15.20% बनता है जबकि इसके लिए अधिदेशी लक्ष्य 15 प्रतिशत है।

कृषि एवं संबद्ध कार्यकलाप

मार्च 2018 की स्थिति में कृषि क्षेत्र का ऋण, 6.09 प्रतिशत बढ़कर ₹33,822 करोड़ हो गया है (मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार ₹ 31,878 करोड़ से), जो 18% के अधिदेशी लक्ष्य के मुकाबले एएनबीसी का 19.28 प्रतिशत बनता है। लघु एवं सीमांत किसानों को दिया गया ऋण, ₹18,328 करोड़ है जो एएनबीसी के अधिदेशी लक्ष्य 8.00 प्रतिशत की तुलना में 10.68 प्रतिशत बनता है।

बैंक ने 23.82 लाख से भी अधिक ग्राहकों को कृषि अग्रिम प्रदान किए हैं। वर्ष के दौरान कृषि क्षेत्र के अंतर्गत ₹20,475 करोड़ की ऋण राशि संवितरित की गई। वर्ष के दौरान बैंक ने अपनी ग्रामीण/अर्ध-शहरी शाखाओं के माध्यम से 1,36,298 नये किसानों को अपना ग्राहक बनाते हुए प्रति ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखा के लिए औसतन 58 नए किसानों को जोड़ा है।

लघु एवं सीमांत किसानों तथा गैर-कॉरपोरेट किसानों को ऋण के तहत आपके बैंक ने लगातार अपने अधिदेशी लक्ष्य से अधिक हासिल किया है। लघु एवं सीमांत कृषक श्रेणी के अंतर्गत आपके बैंक ने अपने समकक्ष बैंकों को ₹2,000 करोड़ की अधिशेष राशि की बिक्री की है।

सिंडिकेट किसान क्रेडिट कार्ड योजना (एसकेसीसी)

भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार, हमारा बैंक, सिंडिकेट किसान क्रेडिट कार्ड (एसकेसीसी) योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड का कार्यान्वयन कर रहा है। संशोधित दिशानिर्देशों में निम्नलिखित मुद्दे शामिल हैं:

- पाँच वर्षों के लिए स्टेगर्ड सीमा का निर्धारण
- चेक बुक तथा एटीएम/डेबिट कार्ड (रुपे किसान कार्ड) के निर्गमन का प्रावधान, ताकि किसान अपने एसकेसीसी खातों के परिचालन में प्रभावी लेन-देन कर सकें।

वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने ₹8149.01 करोड़ की राशि के 5.63 लाख एसकेसीसी खाते जारी किए हैं। मार्च 2018 की स्थिति में, 7.59 लाख नियमित एसकेसीसी खातों के लिए रुपे किसान कार्ड जारी किए गए हैं।

सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं

सरकार द्वारा प्रायोजित गरीबी उन्मूलन एवं रोजगार सृजन की योजनाओं के कार्यान्वयन में बैंक ने अपनी पूर्ण सहभागिता जारी रखी है। इन योजनाओं के अंतर्गत अ.जा./अ.ज.जा./अपिव, महिला एवं अल्पसंख्यक हिताधिकारियों को शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया है। वर्ष के दौरान इन योजनाओं जैसे; राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम (पीएमईजीपी) तथा मैनुअल

mandatory level of 5 per cent. Similarly, advances to minorities increased from ₹10,611 crore as at March 2017 to ₹11,060 crore as at March 2018, forming 15.20 per cent of priority sector advances surpassing the mandatory requirement of 15 per cent.

Agriculture and Allied activities

Credit to agricultural sector increased by 6.09 per cent to ₹33,822 crore as at March 2018 (from March 2017 level of ₹31,878 crore) forming 19.28 per cent of ANBC as against the mandatory requirement of 18 per cent. Lending to small and marginal farmers being ₹18,328 crore constituted 10.68 per cent of ANBC against the mandatory requirement of 8.00 per cent.

Bank has covered more than 23.82 lakh customers under agricultural advances. The disbursement under credit flow to agriculture during the year amounted to ₹ 20,475 crore. The Bank has brought 1,36,298 new farmers into its fold during the year through rural/semi-urban branches, registering an average of 58 new farmers per rural and semi-urban branch.

Your Bank has been consistently surpassing the mandatory targets under small & marginal farmers category and lending to non-corporate farmers. Your Bank has sold the surplus amount of ₹2,000 crore to peer banks under small and marginal farmer category.

Syndicate Kisan Credit Card Scheme (SKCC)

As per the directions of RBI, Bank is implementing the Kisan Credit Card under Syndicate Kisan Credit Card (SKCC) Scheme and the revised guidelines involve the following.

- Fixation of staggered limit for five years.
- Provision for issuance of cheque book and ATM / Debit Cards (Rupay Kisan Cards) which will enable the farmers to effectively transact their operations in their SKCC accounts.

The Bank has sanctioned 5.63 lakh SKCC A/cs amount involving ₹8149.01crore during the year 2017-18. As at March 2018, Rupay Kisan Cards have been issued in 7.59 lakh operative SKCC A/cs.

Government Sponsored Schemes:

The Bank continued to participate in poverty alleviation and employment generation schemes sponsored by the Government in full scale. Special emphasis was laid on coverage of SC/ST/OBC, women and minority beneficiaries under these schemes. The total amount outstanding under these schemes viz. National Rural Livelihood Mission(NRLM), National Urban Livelihood Mission (NULM), Prime Minister Employment Guarantee Programme (PMEGP), and Self Employmentr Scheme for

सफाई कर्मचारियों के पुनर्वास हेतु स्व-रोजगार योजना (एसआरएमएस) योजनाओं के अंतर्गत 1,33,495 उधारकर्ता खातों में कुल ₹3531.24 करोड़ की राशि बकाया हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 से एनआरएलएम योजना का पुनर्गठन एवं नवीकरण करके स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) के रूप में क्रियान्वित किया गया है। वर्ष 2015-16 के दौरान, एनयूएलएम योजना को स्वर्ण जयंती शहरी रोज़गार योजना के रूप में परिष्कृत किया गया है जिसे, 2011 की जनगणना के अनुसार सभी जिला मुख्यालयों एवं 100,000 या इससे अधिक जनसंख्यावाले सभी अन्य शहरों में कार्यान्वित किया जा रहा है। 25 सितंबर 2015 से एनआरएलएम और एनयूएलएम, दोनों योजनाओं को दीनदयाल अंत्योदय योजना के रूप में पुनर्गठित किया गया है।

अ.जा./अ.ज.जा. को अग्रिम

अ.जा./अ.ज.जा. हिताधिकारियों को विभिन्न योजनाओं, खास तौर पर सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत शामिल करने हेतु नियमित रूप से पुनरीक्षण किया जाता है। बैंक ने अपनी विभिन्न योजनाओं के बारे में अ.जा./अ.ज.जा. को जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास किया है ताकि वे इन योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अ.जा./अ.ज.जा. हिताधिकारियों को दिए गए अग्रिम, मार्च 2017 के ₹4,520 करोड़ से बढ़कर मार्च 2018 की स्थिति में ₹4,581 करोड़ हो गए। सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं (जैसे, एनआरएलएम, एनयूएलएम एवं पीएमईजीपी) के अंतर्गत अ.जा./अ.ज.जा. के हिताधिकारियों को प्रदत्त अग्रिमों के वितरण तथा बकाया की स्थिति निम्नलिखित तालिका में प्रस्तुत की गई है:

वर्ष 2017-18 (मार्च 2018 तक) के दौरान सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत अ.जा./अ.ज.जा. के हिताधिकारियों को वितरित किए गए अग्रिम:

(रकम ₹ करोड़ में)

योजना	कुल वितरण		जिनमें अ.जा./अ.ज.जा. के		कुल खातों की तुलना में अ.जा./अ.ज.जा का %
	खाता	रकम	खाते	रकम	
पीएमईजीपी	3090	107.83	566	19.75	18.32%
एनआरएलएम	74966	2232.09	22145	659.36	29.54%
एनयूएलएम	1088	15.35	356	5.02	32.68%
एसआरएमएस	120	2.11	106	1.86	88.33%

मार्च 2018 की स्थिति में सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के तहत अ.जा./अ.ज.जा. के हिताधिकारियों के बकाया अग्रिम:

(रकम ₹ करोड़ में)

योजना	बकाया शेष		जिनमें अ.जा./अ.ज.जा. के		कुल खातों की तुलना में अ.जा./अ.ज.जा. का %
	खाता	रकम	खाते	रकम	
पीएमईजीपी	7531	241.89	1766	56.72	23.45%
एनआरएलएम	122146	3245.98	45060	1197.44	36.89%
एनयूएलएम	3351	37.60	1041	11.69	31.08%
एसआरएमएस	467	5.77	450	5.57	96.36%

अल्पसंख्यक समुदायों को अग्रिम

अल्पसंख्यक समुदायों के लाभ के लिए उपलब्ध विभिन्न ऋण उत्पादों को उनके बीच लोकप्रिय बनाने हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों तथा अग्रणी जिला कार्यालयों के माध्यम से बैंक ने अनेकों उपाय किए हैं। अल्पसंख्यक समुदायों को दिए गए

Rehabilitation of Manual Scavengers (SRMS) is ₹3531.24 crore with 1,33,495 borrowal accounts during the year. NRLM Scheme has been revamped & restructured as Swarna Jayanti Grameen Swarojgar Yojana (SGSY) with effect from the financial year 2015-16. NULM scheme has been revamped as Swarna Jayanti Sahari Rojgar Yojana during 2015-16 and is implemented in all district headquarters and all other cities with a population of 100,000 or more as per 2011 census. Both NRLM and NULM now remodeled as Deen Dayal Antyodaya Yojana from 25th September 2015.

Advances to SC/ST

The coverage of SC/ST beneficiaries under various schemes, especially under Govt. Sponsored Schemes is reviewed at regular intervals. Bank has initiated special efforts to create awareness about various schemes of the Bank among SC/STs to motivate them to avail the benefits under these schemes.

Advances to SC/ST beneficiaries under Priority Sector, rose from ₹4,520 crore as at March 2017 to ₹4,581 crore as at March 2018. Disbursement and outstanding position of advances to SC/ST beneficiaries under Govt. Sponsored Schemes (i.e.PMEGP, NRLM & NULM) are furnished in the following tables:

Advances disbursed to SC/ST beneficiaries under Govt. Sponsored Schemes during 2017-18 (as on March 2018)

(Amount ₹ in crore)

Scheme	Total Disbursement		Of which SC/ST		% to SC/ST against total (For Accounts)
	A/C	Amt.	A/C	Amt.	
PMEGP	3,090	107.83	566	19.75	18.32%
NRLM	74,966	2,232.09	22,145	659.36	29.54%
NULM	1,088	15.35	356	5.02	32.68%
SRMS	120	2.11	106	1.86	88.33%

Outstanding advances to SC/ST beneficiaries under Govt. Sponsored Schemes (as on March 2018)

(Amount ₹ in crore)

Scheme	Balance outstanding		Of which SC/ST		% to SC/ST against total (For Accounts)
	A/C	Amt.	A/C	Amt.	
PMEGP	7,531	241.89	1,766	56.72	23.45%
NRLM	1,22,146	3,245.98	45,060	1197.44	36.89%
NULM	3,351	37.60	1,041	11.69	31.08%
SRMS	467	5.77	450	5.57	96.36%

Advances to Minorities

Bank has taken various measures through Regional Offices and Lead District Offices for popularizing amongst minority communities the various credit products available for their

अग्रिम, मार्च 2017 के ₹10,611 करोड़ की तुलना में 4.23% प्रतिशत की वर्षानुवर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2018 की स्थिति में ₹11,060 करोड़ हो गए। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ पहुँचाने के लिए बैंक द्वारा वर्ष 2010 में 0.25 से लेकर 0.50 प्रतिशत तक की विशेष रियायती ब्याज योजना की शुरुआत की गई थी, जिसे वर्ष 2017-18 के दौरान भी जारी रखा गया।

संयुक्त देयता समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ऋण सुविधा

मार्च 2018 की स्थिति में कुल 1,30,736 खातों में स्वयं सहायता समूहों तथा संयुक्त देयता समूहों को बकाया अग्रिम ₹3,402 करोड़ हैं। संयुक्त देयता समूह एक ऐसा अनौपचारिक समूह है जिसमें 4 से 10 किसान वैयक्तिक रूप से एक साथ मिलकर जेएलजी वित्त के माध्यम से संस्थागत ऋण का लाभ उठाते हैं। बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों/ संयुक्त देयता समूहों को ऋण, या तो प्रत्यक्ष रूप से या एमएफआई/एनजीओ के माध्यम से जारी किया जाता है।

- ❖ बैंक के कर्नाटक राज्य स्थित जेएलजी/एसएचजी को ऋण प्रदान करने हेतु **''किसान बचाओ अभियान''** के अंतर्गत **मेसर्स आईडीएफ फाउन्डेशन** के साथ गठजोड़ व्यवस्था की है । इस परियोजना में लघु कृषकों, सीमांत कृषकों, मौखिक पट्टेदारों एवं बटाइदारों को मिलाकर जेएलजी/एसएचजी का निर्माण, कृषि उत्पादन में जोखिम को कम करने हेतु कृषि आजीविका तकनीक प्रदान करके तथा वित्तीय साक्षरता के जरिए उचित सलाह प्रदान करना, कारोबार प्रतिनिधियों/कारोबार सहायक चैनलों के माध्यम से केसीसी एवं अन्य उत्पादों के जरिए कृषि हेतु किफायती बैंक वित्तीयन हेतु सक्षम बनाना, मितव्ययता की सभ्यता को बढ़ावा देना और पुनर्भुगतान हेतु निरंतर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है । वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने जेएलजी सदस्यों को ₹30.86 करोड़ मूल्य के कुल 8773 एसकेसीसी ऋण मंजूर किए हैं।
- ❖ जीवन बीमा उत्पादों के संवितरण के लिए कॉरपोरेट एजेंट के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ बैंक का कॉरपोरेट एजेंसी गठजोड़ है। जीवन बीमा कारोबार को संपन्न करने के लिए बैंक के पास 250 विशेषज्ञों की एक टीम है।
- ❖ बैंक, बचत खाताधारकों और शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं को सामूहिक पॉलिसी के तहत जीवन बीमा रक्षा भी प्रदान करता है।
- ❖ बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान प्राप्त कमीशन ₹914.28 लाख (एलआईसी पीएमजेजेबीवाई सहित) की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ₹867.35 लाख (एलआईसी पीएमजेजेबीवाई सहित) कमीशन अर्जित किया।

2. **सामान्य बीमा**

- ❖ अपने खाताधारकों के लिए सिंड आरोग्य (फैमिली-फ्लोटर लाभ के साथ समूह मेडिक्लेम सह निजी दुर्घटना बीमा) सहित सामान्य बीमा उत्पादों के संवितरण के लिए बैंक ने यूनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ कॉरपोरेट एजेंसी गठजोड़ निष्पादित किया है।
- ❖ सामान्य बीमा कारोबार से बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त ₹1009.60 लाख (यूआईआईसीओ पीएमएसबीवाई सहित) की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ₹1372.89 लाख (यूआईआईसीओ पीएमएसबीवाई सहित) कमीशन के रूप में अर्जित किया।

MARKETING AND FEE INCOME PRODUCTS

Marketing Vertical

Bank has a separate marketing vertical at Corporate Office, Zonal Offices and Regional Offices to accelerate marketing efforts to augment income from below mentioned activities:

1. Asset & Liabilities Products.
2. Fee based income products like lockers & third party products like insurance & mutual funds etc.
3. Social security schemes.
4. CMSC products like ASBA, Demat etc.
5. Card center products like credit card, debit card and POS.
6. Promotion of digital banking channels.

Bank's marketing setup is consisting of a team of 203 marketing officers spread across the country, with clear thrust on the business development. Bank conducted three days' marketing conclave at Syndicate Institute of Bank Management, Manipal for skill enhancement of the marketing team. The team was addressed by the Top Management of the Bank highlighting the significance of marketing and brand development. Department is handling one session in every training program to improve the marketing skills among branch managers and other officers, who are attending the training program.

BANCASSURANCE

1. **Life Insurance**

- ❖ Bank has a Corporate Agency tie-up with Life Insurance Corporation of India, as a Corporate Agent for distribution of Life Insurance Products. Bank has a team of 250 Specified Persons for soliciting life insurance business.
- ❖ Bank also offers life insurance cover under group policy to educational loan borrowers and saving account holders.
- ❖ Bank earned commission of ₹867.35 lakh (inclusive of LIC PMJJBY) during FY 2017-18 against a commission of ₹914.28 lakh (inclusive of LIC PMJJBY) during FY 2016-17.

2. **General Insurance**

- ❖ Bank has a Corporate Agency tie-up with United India Insurance Company Limited (UIICO) for distribution of general insurance products, including Synd Arogya (a Group Mediclaim -Cum -Personal Accident Policy with family floater advantage) at competitive premium for its account holders.
- ❖ During the FY 2017-18, Bank has earned a commission of ₹1,372.89 lakh (inclusive of UIICO PMSBY), compared to commission of ₹1,009.60 lakh (inclusive of UIICO PMSBY) during the previous year, from general insurance business.

3. **सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं (पीएमजेजेबीवाई और पीएम एसबीवाई)**

ए) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)

बैंक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत जीवन बीमा रक्षा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ गठजोड़ निष्पादित किया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने कुल 6,25,387 पीएमजेजेपीवाई पॉलीसी पंजीकृत की हैं।

बी) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)

बैंक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत दुर्घटना के चलते मृत्यु होने की स्थिति में धारक को बीमा प्रदान करने के लिए यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसीओ) के साथ गठजोड़ किया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने कुल 20,91,857 पीएमबीएसवाई पॉलीसी पंजीकृत की हैं।

म्यूचुअल फंड (एमएफ)

एक वित्तीय सुपर मार्केट के रूप में कार्य करते हुए एक ही छत के नीचे विभिन्न वित्तीय उत्पाद प्रदान करने हेतु म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए बैंक ने नौ अग्रणी आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। सूचित बिक्री सुनिश्चित कराने हेतु बैंक के पास 31.03.2018 की स्थिति में 488 एनआईएसएम (सीरीज-V-ए) प्रमाणित व्यक्ति एवं 400 ईयूआईएन प्रमाण-प्राप्त स्टाफ मौजूद हैं।

म्यूचुअल फंड कारोबार से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के ₹68.80 लाख के मुकाबले में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ₹107.40 लाख का कमीशन अर्जित किया।

नकद प्रबंधन सेवाएँ (सीएमएस)

प्राप्य एवं भुगतान खाते के कुशल प्रबंधन के लिए हमारा बैंक, कॉरपोरेट, निजी और विदेशी बैंकों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद प्रदान करता है। बैंक, देश भर में सभी शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों को सीएमएस सेवाएं प्रदान करता है। ऑटो डेबिट अधिदेश सुविधा और केंद्रीकृत चेक डेबिट सुविधाएँ भी दी जा रही हैं। लाभांश वारंट/ब्याज वारंट का भुगतान/डीडी आहरण व्यवस्था और दूरस्थ डीडी मुद्रण सुविधाएँ भुगतान के तहत प्रदान की जा रही हैं।

पूंजी बाजार सेवाएँ

अवरुद्ध रकम पर आधारित आवेदन पत्र (एसबीए)

बैंक में एसबीए (अवरुद्ध रकम पर आधारित आवेदन पत्र) सुविधा का आरंभ अक्तूबर 2010 में किया गया। अपने ग्राहकों को 'अवरुद्ध रकम आधारित आवेदन पत्र' सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक, स्वप्रमाणित सिंडिकेट बैंक (एससीएसबी) के रूप में सेबी के साथ पंजीकृत है। बैंक ने अपने कोर बैंकिंग समाधान के साथ एएसबीए सुविधा को एकीकृत किया है। बही निर्माण प्रक्रिया और अधिकार निर्गम के माध्यम से किए गए सभी सार्वजनिक निर्गमों के लिए एएसबीए प्रक्रिया उपलब्ध है। इस योजना का लक्ष्य आईपीओ/एफपीओ के माध्यम से शेयरों और बांड में निवेश करने में हमारे ग्राहकों की बोली की राशि की सीमा तक राशि अवरुद्ध करने की सुविधा प्रदान करना है।

निक्षेपागार सहभागी सेवाएँ

आपका बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ जारी निक्षेपागार सहभागी के रूप में स्थायी रूप से पंजीकृत है। बैंक सीडीएसएल का एक निक्षेपागार

3. Social Security Insurance Schemes (PMJJBY & PMSBY)

a. Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY)

Bank has tie up with LIC of India for providing life insurance cover under Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY). During FY 2017-18, Bank has enrolled 6,25,387 PMJJBY policies.

b. Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY)

Banks has tie up with United Insurance Company Limited (UIICO) for providing accidental death insurance cover under Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY). During FY 2017-18, Bank has enrolled 20,91,857 PMSBY policies.

Mutual Funds

Acting as a financial supermarket, offering various financial products under one umbrella, Bank has tied up with nine leading Asset Management Companies for distributing Mutual Fund products. As on 31.03.2018, the Bank had a team of 488 NISM (Series-V-A) Certified Persons and 400 EUIN compliant staff facilitating informed selling.

Bank earned brokerage of ₹107.40 lakh during FY 2017-18 against a brokerage of ₹68.80 lakh in FY 2016-17 from Mutual Fund business.

Cash Management Services (CMS)

The Bank offers a state-of-the-art technology driven products to corporate, private and foreign banks for efficient management of account receivables and payments. The Bank also offers CMS services to its clients through all branches across the country. Auto debit mandates facility and centralized cheque debit facilities are being offered. Payment of dividend warrants / interest warrants / DD drawing arrangement and remote DD printing facilities are being offered under payments.

Capital Market Services

Applications Supported by Blocked Amount (ASBA)

The ASBA [Application Supported by Blocked Amount] facility was introduced in the Bank during October 2010. Bank is registered with SEBI as Self Certified Syndicate Bank (SCSB) for providing Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) to its customers. Bank has integrated ASBA facility with its core banking solution. ASBA process is available in all public issues made through the book building route and rights issues. This scheme aims at providing the facility of blocking of amount to the extent of the bid amount of our customers investing in shares and bonds through the IPO/FPO.

Depository Participant Services

Your Bank is holding permanent registration as Depository Participant issued by the Securities and Exchange Board of

भागीदार है। यह सुविधा, ग्राहकों को उनकी पूंजी बाजार प्रतिभूतियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त सिंड-ई-ट्रेड ब्रांड नाम से बैंक ने मेसर्स असित सी मेहता इन्वेस्मेंट इंटरमीडियोटस लिमिटेड के सहयोग से 3-इन-1 खाता सह ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधा शुरू की गई है। आगे, बैंक इस प्रकार की सुविधा अन्य नामी प्रतिभूति विक्रेताओं के सहयोग से प्रादन करने का प्रयास कर रहा है।

अन्य सेवाएँ

नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस)

वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई नई पेंशन योजना के तहत विभिन्न प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए बैंक,पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण(पीएफआरडीए) के साथ उपस्थिति बिंदु (पीओपी) के रूप में पंजीकृत है । हमारे बैंक की 3481 शाखाएँ उपस्थिति बिंदु-सेवा प्रदाता (पीओपी-एसपी) के रूप में एनपीएस के दायरे के तहत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है ।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

देश के सभी नागरिकों, खासकर गरीब, वंचित वर्ग और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के सृजन हेतु 1 जून, 2015 से भारत सरकार द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरुआत की गई है । एपीवाई को पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरजीए) द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की समग्र प्रशासनिक एवं संस्थागत ढ़ांचे के अंतर्गत प्रशासित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए, ग्राहकों की देयता के आधार पर (₹ 1000/-प्रति माह से ₹ 5000/-प्रति माह तक), आपके बैंक के कुल 4012 शाखाओं को एनपीएस लाइट संग्रह केंद्र (एनएलसीसी) के रूप में पंजीकृत किया गया है।

कार्ड कारोबार

ग्लोबल डेबिट कार्ड :

बैंक ने 29.03.2003 को वीजा तथा 22.06.2011 को मास्टर कार्ड (मेस्ट्रो ब्रांड) के सहयोग से ग्लोबल डेबिट कार्ड जारी किया है। बैंक ने एनपीसीआई के समन्वय के साथ वर्ष 2012 से रुपे डेबिट कार्ड जारी करना प्रारंभ किया है। दिनांक 20.10.2012 से बैंक उच्च लेनदेन की सीमावाला वीजा इंटरनेशनल गोल्ड डेबिट कार्ड जारी कर रहा है।

वर्ष 2016 के दौरान, बैंक द्वारा एनपीसीआई के सहयोग से नए प्रकार के निम्नलिखित डेबिट कार्ड जारी करने की प्रथा शुरू की है :

- रुपे मुद्रा कार्ड
- रुपे प्लेटिनम कार्ड
- एईपीएस रुपे डेबिट कार्ड (आधार सक्षम)
- वर्ष के दौरान बैंक ने, एनपीसीआई रुपे डेबिट कार्ड को ओटीपी के माध्यम से ई-कॉमर्स लेन-देन करने के लिए सक्षम बनाया गया है।

बैंक ने दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में 213.76 लाख डेबिट कार्ड जारी किए हैं, जिसमें से दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में 160.37 डेबिट कार्ड सक्रिय हैं।

India (SEBI). The Bank is a Depository Participant of CDSL. This facility enables customers to keep their Capital Market Securities in electronic form. Your Bank provides 3-in-1 account cum on-line trading facility, in collaboration with M/s Asit C Mehta Investment Intermediates Ltd, under the brand name "Synd-e-Trade". Further Bank is also moving for tying up similar facility with better branded security dealers.

Other Services

New Pension System (NPS)

The Bank is registered with the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) as Point of Presence (POP) for offering various services under the New Pension System – a scheme introduced by the Government of India for providing old age income security. 3481 branches of your Bank are registered with NSDL for offering various services under the scope of the NPS as Point of Presence – Service Provider (POP-SP).

Atal Pension Yojana (APY)

The Government of India introduced the Atal Pension Yojana (APY), with effect from 1st June, 2015, for creating a universal social security system for all Indians, especially the poor, the under-privileged and the workers in the unorganised sector. APY is being administered by the Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) under the overall administrative and institutional architecture of the National Pension System (NPS). 4012 branches of your Bank have been registered as NPS Lite Collection Centers (NLCCs) to offer the services under this scheme to the customers ranging from ₹1,000 per month to ₹5,000 per month, at the age of 60 years, depending on their contributions, which itself would vary on the age of joining the APY.

CARD BUSINESS

Global Debit Cards:

The Bank launched Global Debit Cards in association with VISA on 29.03.2003 and in association with Master Card (Maestro Brand) on 22.06.2011. In 2012, the Bank started issuing RuPay Debit Cards in association with NPCI. The Bank has been issuing VISA International Gold Debit Cards with higher transaction limits w.e.f 20.10.2012.

During 2016, the Bank has launched the following new variants of Debit Cards in association with NPCI.

- RuPay Mudra Cards
- RuPay Platinum Cards
- AEPS RuPay Debit Cards (Aadhar enabled)
- During the year, we have enabled NPCI's RuPay Debit Cards for e-commerce transactions through OTP

The Bank has issued 213.76 lakhs Debit Cards till 31.03.2018, out of which 160.37 lacs Debit Cards are active as on 31.03.2018.

क्रेडिट कार्ड

बैंक 20.10.2003 से वीजा इंटरनेशनल के सहयोग से गोल्ड और क्लासिक क्रेडिट कार्ड प्रदान कर रहा है, जिनका प्रयोग एटीएम, बिक्री केंद्र टर्मिनल (पीओएस) तथा इंटरनेट में किया जा सकता है। बैंक 31.03.2018 तक कुल 1,46,157 क्रेडिट कार्ड जारी कर चुका है। बैंक ने 04.02.2015 से मेसर्स एटॉस वर्ल्डलाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को क्रेडिट कार्ड सेवाओं के संपूर्ण प्रबंधन कार्य सौंपा है

डेबिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन प्रदान करना :

वर्तमान में सिंडिकेटबैंक के एटीएम के द्वारा ग्राहक के पंजीकृत नंबर पर ओटीपी प्रेषित कर डेबिट कार्ड के पिन परिवर्तन हेतु ग्रीन पिन प्रदान करने की सुविधा का विस्तार सक्रिय डेबिट कार्ड को दी जा रही है। नए डेबिट कार्ड के लिए भी यह सुविधा प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र में योग्य परिवर्तन किया गया है। इस प्रकार की सुविधा से शाखाओं को नए डेबिट कार्ड के लिए पिन बिना किसी भौतिक आपूर्ति के प्रदान करने के लिए सक्षम बनाया गया है।

बिक्री केंद्र (पीओएस) प्राप्त करना

बैंक ने 02.10.2009 से मर्चेंट एक्वायरिंग कारोबार क्षेत्र में प्रवेश किया है। यह सभी बिक्री केंद्र (पीओएस) टर्मिनल, बैंकों द्वारा जारी किए गए सभी प्रकार के कार्डों के लिए वीजा/मास्टर /रूपे कार्ड के जरिए विनिर्दिष्ट मानकों तथा ईएमवी एवं पिन आधारित लेन-देनों के लिए पूर्ण रूप से सक्षम हैं। 31.03.2018 की स्थिति तक बैंक ने कुल 8140 बिक्री केंद्र टर्मिनल स्थापित किए थे जिनमें से 3644 टर्मिनल इस वर्ष के दौरान स्थापित किए गए।

बैंक ने पीओएस से सहबद्ध 2 नए चालू खाता उत्पाद आरंभ किया है। इन चालू खातों में ₹1.00 लाख और ₹ 2.00 लाख के मासिक औसत शेष के बनाए रखने पर ग्राहकों को किराया रहित पीओएस टर्मिनल प्रदान करने की सुविधा है।

जहां व्यापारी द्वारा पीओएस लेनदेन का निपटान नहीं किया जाता है वहाँ बैंक वर्तमान में मौजूद 5 दिनों के बदले 2 दिनों में पीओएस लेनदेन की प्रक्रिया का निपटान कर व्यापारी के खाते में जमा को प्रक्रमित करेगा।

वितरण चैनल

एटीएम नेटवर्क :

बैंक ने दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में 3907 एटीएम एवं 341 बीएनए संचालित किया हैं। आपके बैंक के ग्राहक बीएनए का उपयोग कर अपनी नकद जमाओं को अपने खातों एवं अन्य पक्षकारों के खातों में जमा कर सकते हैं।

इन्टरनेट बैंकिंग :

दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में बैंक की इंटरनेट बैंकिंग के 13.11 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग में आरटीजीएस विकल्प का उपयोग कर निधियों के अंतरण, ऑनलाइन बैंकिंग का उपयोग कर एटीएम की आहरण सीमा एवं डेबिट कार्ड क्रय की लेनदेन सीमा को कम करना तथा मोबाइल बैंकिंग का पिन बदलना आदि जैसी नई सेवाएँ जोड़ी हैं। इंटरनेट बैंकिंग वेबसाइट का हिन्दी संस्करण भी उपलब्ध कराया गया है।

Credit Card:

Bank, in association with VISA International, offers Gold and Classic Credit Cards which can be used at ATMs, Point-of Sale Terminals (POS) and Internet, w.e.f 20.10.2003. Bank has issued 1,46,157 credit cards till 31.03.2018. Bank has entrusted end-to-end management of Credit Card services through M/s Atos Worldline India Pvt Ltd since 04.02.2015.

Green PIN Implementation for Debit Cards:

The Green PIN facility for resetting the Debit Card PINs in SyndicateBank's ATMs through OTP delivery on customer's registered mobile numbers is presently extended to active debit cards. The Debit Card Issuance Application is customized to extend this facility for new Debit Cards also. With this customization, Branches are enabled to issue new Debit Cards without physical delivery of PINs.

Point of Sale (POS) Acquiring:

Bank ventured into the Merchant Acquiring business on 02.10.2009. All its POS terminals do comply with VISA / Master Card / RuPay specified standards and are fully compliant to handle EMV and PIN based transactions for all types of Cards issued by Banks. As on 31.03.2018, Bank had installed 8140 POS Terminals in total, out of which 3,644 terminals were installed during the year.

Bank launched 2 new current account products linked to POS terminals. The features are devised to give rent free POS terminals based on the Monthly Average Balance (MAB) maintenance of ₹1.00 lakh and ₹2.00 lakhs in the current accounts.

The force settlement to process the POS transactions wherever the merchant does not settle the transactions in the terminal is reduced to 2 days from the existing 5 days and credit processed to the Merchant accounts

Delivery Channels

ATM Network

Bank has operationalised 3907 ATMs and 341 BNAs as on 31.03.2018. Your Bank customers can deposit cash into their accounts or third party accounts in Bank using BNAs.

Internet Banking

Bank's Internet Banking has 13.11 Lakhs registered users as on 31.03.2018. Bank has added new features like transfer of funds using RTGS option in Internet Banking, reduction of ATM card withdrawal limit through online, reduction in Debit Card purchase transaction limit through online and Mobile Banking PIN reset. Hindi version of Internet Banking site is also made available.

मोबाइल बैंकिंग :

बैंक का मोबाइल एप्लिकेशन काफी प्रचलित हो रहा है तथा दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में 14.98 लाख उपयोगकर्ता हैं। मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन सिंड स्वयं के माध्यम से बचत खाता एवं ऋण के आवेदन के लिए लिंक के साथ उपलब्ध करायी गई है। यह सुविधा हमारे बैंक के खाताधारकों के अलावा अन्य खाताधारकों द्वारा भी हमारी मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

एसएमएस बैंकिंग :

खाताधारकों को अनिवार्य एवं गैर-अनिवार्य एसएमएस प्रेषित किए जाते हैं। अनिवार्य एसएमएस शुल्क रहित है तथा गैर अनिवार्य एसएमएस के लिए शुल्क लिया जाता है। बैंक के पंजीकृत एसएमएस बैंकिंग के उपयोगकर्ता 73.05 लाख हैं।

मिस्ड कॉल बैंकिंग :

जो ग्राहक इस सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से निर्दिष्ट नंबर 9210332255 पर मिस्ड कॉल कर अपने खाते के शेष संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सफलतापूर्वक पंजीकरण के पश्चात् विशिष्ट नंबर पर मिस्ड काल देने पर ग्राहक अपने खाते का शेष जान सकते हैं ।दिनांक 31.03.2018 की स्थिति में हमारे बैंक के मिस्ड कॉल बैंकिंग के पंजीकृत उपयोगकर्ता 2.61 लाख हैं।

सिंड यूपीआई

सिंड यूपीआई (यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफेस) एक मोबाइल एप्लिकेशन है, जो खाताधारकों को आसान, सरल और त्वरित लेनदेन हेतु समर्थ करता है। वर्चुअल पेमेंट एड्रेस या आधार संख्या अथवा खाता संख्या और आईएफएससी कोड का उपयोग कर सीधे एक बैंक से दूसरे बैंक में तत्काल भुगतान किया जा सकता है। बैंक में दिनांक 31.03.2018 की स्थिति तक 64159 उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं।

भारत क्यू आर :

जिन खाताधारकों ने अपने मोबाइल संख्या का पंजीयन बैंक में कराया है एवं जिनके पास डेबिट कार्ड (अभी की स्थिति में रुपे कार्ड) है, वे भारत क्यू आर के माध्यम से व्यापार केन्द्रों में भुगतान की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। भारत क्यू आर व्यापारियों को डिजिटली रूप में बिना पीओएस मशीन के भुगतान प्राप्त करने में समर्थ करता है। ग्राहक यह एप्लिकेशन अपने स्मार्टफोन में खोलकर व्यापार केन्द्रों में उपलब्ध भारत क्यू आर को स्कैन कर भुगतान कर सकते हैं। भारत क्यू आर कोड के उपयोगकर्ताओं की संख्या 2404 हैं।

उत्पाद नवोन्मेषण एवं कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर)

बैंक की उत्पाद नवोन्मेषण तथा कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास गतिविधियों के लिए बैंक में उत्पाद नवोन्मेष तथा बीपीआर विभाग कार्यरत है।

उत्पाद नवोन्मेषण

नई पीढ़ी सहित सभी ग्राहकों की वैयक्तिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योग्य समयानुकूल उत्पादों का निर्माण करने व सेवाओं को प्रदान करने के लिए

Mobile Banking

Bank's Mobile Banking application is becoming more popular and is having a registered user base of 14.98 Lakhs as on 31.03.2018. Mobile Banking application is provided with links to open SB account through Synd Swayam and to apply loans. These facilities can be accessed by a non-customer also after downloading our Mobile Banking app.

SMS Banking

Mandatory and non-mandatory SMSs are sent to customers. Mandatory SMSs are not chargeable whereas non-mandatory SMSs are chargeable. The registered SMS Banking users are 73.05 Lakhs.

Missed Call Banking

Customers who wish to avail this facility may register their mobile number by sending specified text message from his registered mobile number to Bank's Missed call number 9210332255.

After successful registration, customer can get balance alert for their account by giving missed call to the specified number. Missed call Banking registered users as on 31.03.2018 is 2.61 Lakhs.

Synd UPI

Synd UPI is a Mobile Application that facilitates customers to make simple, easy and quick payment transactions using Unified Payments Interface (UPI). Direct bank to bank payments can be made instantly using Virtual Payment Address or Aadhaar Number or Account Number and IFSC. The number of registrations with Bank is 64,159 as on 31.03.2018.

Bharat QR

Customers who have registered their mobile numbers with Bank and having Debit Cards (RuPay cards as of now) can avail the facility of making payment at merchant locations through Bharat QR. Bharat QR allows merchants to receive payments digitally without the use of Point-Of-Sale machines. Customers can open the app installed in their Smart Phones, scan the Bharat QR Code available at merchant location to make the payment. Number of users for Bharat QR Code is 2404.

PRODUCT INNOVATION & BUSINESS PROCESS RE-ENGINEERING (BPR)

Bank has Product Innovation and BPR department to carry out Digital Banking, product innovation and business process re-engineering activities of the Bank.

Product Innovation

In order to cater to individual needs of all customers, including dominant Gen-Y customers, Bank has leveraged

बैंक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है। वर्ष के दौरान बैंक ने सिंड सुप्रीम एवं मल्टी करेंसी को-ब्रैंडेड फॉरेक्स प्री-पेयड़ कार्ड जैसे विभिन्न नवोन्मेषी उत्पादों को प्रवर्तित किया है।

अनन्या परियोजना

बैंक ने कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास के तहत नई पहल अनन्या परियोजना का आरंभ किया है। इस परियोजना के चार मुख्य स्तम्भ निम्नलिखित हैं :

- कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास (बीपीआर)
- डिजिटल बैंकिंग
- विक्रय एवं ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम)
- मानव संसाधन विकास

1. कारोबार प्रक्रिया पुनर्विन्यास :

प्रक्रियाओं का व्यवस्थितिकरण एवं केन्द्रीकरण निजी और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों की शाखाओं का कार्यभार कम करने में सफल साबित हुआ है। जिससे शाखाएँ अपने कारोबार एवं ग्राहक सेवा पर ध्यान केन्द्रित करें। बैंक ने अपने केन्द्रीय बैक-ऑफिस के माध्यम से केंद्रीय प्रसंस्करण द्वारा नियमित प्रक्रिया जैसे बचत खाता खोलना, खुदरा ऋण प्रसंस्करण, एसएमई ऋण प्रसंस्करण आदि को सुव्यवस्थित किया है।

शाखा रूपांतरण

शाखा रूपांतरण का उद्देश्य नई पीढ़ी के बैंक की तरह शाखाओं के परिवेश को सुनिश्चित करना, ग्राहक सुविधा, डिजिटल सेवाएँ और उत्पादकता बढ़ाना है। तदनुसार दिनांक 31.03.2018 की स्थिति तक कुल 600 शाखाओं को अनन्या शाखा के रूप में रूपांतरित किया गया है एवं दिनांक 30 सितंबर 2018 तक 200 अन्य शाखाओं को अनन्या शाखा के रूप में रूपांतरित कर अनन्या शाखाओं की कुल संख्या को 800 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

राष्ट्रीय प्रसंस्करण केंद्र (एनपीसी)

राष्ट्रीय प्रसंस्करण केंद्र, मणिपाल द्वारा खाता खोलने की प्रक्रिया को पूरे भारत में **1029** शाखाओं में क्रियान्वित किया गया है। बैंक का लक्ष्य एनपीसी मणिपाल के अतिरिक्त भुवनेश्वर और दिल्ली में दो प्रसंस्करण केंद्र खोलकर दिनांक **3**0 जून **2018** तक सभी शाखाओं को इस प्रक्रिया से संबद्ध करने का है। एनपीसी म णिपाल में उसकी स्थापना से एक लाख पचास हजार से अधिक खातों को सक्रिय किया गया है।

खुदरा एवं एमएसएमई ऋण केंद्र (आरएमएलसी)

बैंक ने दिनांक 31.03.2018 की स्थिति तक ₹10 लाख एवं अधिक के एम एसएमई प्रस्तावों एवं सभी बंधक आधारित खुदरा ऋणों के प्रसंस्करण के लिए 27 संभाव्य केन्द्रों में खुदरा एवं एमएसएमई ऋण केंद्र (आरएमएलसी) की स्थापना की है। इस केंद्र का कार्य विशेष तौर से प्रलेखीकरण प्रसंस्करण के बैकएंड कार्य को सरल करना, ऋणों के एक समान प्रसंस्करण और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के साथ साथ समयावधि को कम करने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ के माध्यम से वितरण एवं अनुवर्तन करना है। इससे शाखाएँ ध्यान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, एक बिक्री एजेंट के रूप में कार्य कर सकेंगी। बैंक अन्य संभाव्य केन्द्रों में इस प्रकार के आरएमएलसी स्थापित करने पर विचार कर रहा है।

its Technology to create need of the hour products and services. During the year, Bank has introduced innovative products viz, Synd Supreme and Multi-Currency Co-branded Forex Pre-paid Cards.

Project Ananya:

The Bank has embarked into Business Process Re-engineering under the brand name Project Ananya. The four broad pillars of the project are:

- Business Process Re-engineering (BPR)
- Digital Banking
- Sales & Customer Relationship Management (CRM)
- Human Resource Development

1. Business Processes Re-engineering:

Process streamlining and centralization has been proven among private and public banking peers to be an important lever to help reduce branch work load, so as to enable the branches to focus on sales and customer service. Bank has streamlined regular processes like SB Account opening, retail loan processing, SME loan processing by centralizing processes through central back-offices.

Branch Transformation

This pillar also aims to achieve branch transformation, ensuring focus on branch ambience as a new-age Bank, customer convenience, digital services and increased productivity. Accordingly, a total of 600 branches have been transformed as Ananya Branches across India as on 31.03.2018 and another 200 branches are targeted to be transformed by 30th September, 2018 taking the total to 800 Ananya Branches.

National Processing Centre (NPC)

The process of instant account opening activity through National Processing Centre, Manipal is extended to 1029 branches pan India. It is envisaged to link all the Branches by 30th June 2018 by expanding the NPC at Manipal and opening two more centres at Bhubaneswar and Delhi. More than one lakh fifty thousand accounts are activated since establishment of NPC at Manipal.

Retail and MSME Loan Center (RMLC)

Bank has setup Retail & MSME Loan Centers (RMLC) in 27 potential centers as on 31.03.2018 for processing of all mortgage based Retail loans and MSME proposals of ₹10 lakhs and above. The setup is designed to smoothen the backend office work of processing, sanctioning, documentation, releases and follow-up through well trained staff to reduce the TAT as well as to ensure quality and uniform processing of loans. Branches will be free to act as selling agents with focused approach. Bank is in the process of identifying such RMLCs in other potential centers.

संपर्क केंद्र

बैंक के हैदराबाद एवं मोहाली स्थित संपर्क केन्द्र बाह्य कॉल गतिविधियाँ करने के साथ साथ अपने ग्राहकों एवं अन्य नागरिकों को 24 घंटे अर्हनिश सेवाएँ प्रदान करना शुरु किया है।

2. डिजिटल बैंकिंग

ग्राहकों की ज़िंदगी में डिजिटल वस्तुओं के बढ़ते अस्तित्व और बैंकिंग सेवा में डिजिटलीकरण के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के मद्देनज़र डिजिटल बैंकिंग चैनलों का विकास और ग्राहकों द्वारा उसे अपनाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, अनन्या परियोजना का एक मुख्य स्तम्भ है। साथ ही, बैंक के मौजूदा डिजिटल चैनलों जैसे, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग की विशिष्टताओं को बढ़ाने, मौजूदा प्रक्रियाओं को सरलीकृत करने और मौजूदा एवं नए ग्राहकों द्वारा उसे पूर्ण रूप से अपनाने की प्रवृत्ति को बढ़ाना, इसका मुख्य उद्देश्य है। डिजिटल चैनलों को अपनाने हेतु अनन्या शाखाओं में स्वतः सेवा मशीन जैसे एटीएम, नकद जमा मशीन एवं पासबुक अद्यतन मशीनों आदि से लैस डिजि जोन की स्थापना की जा रही है। हम अपने ग्राहकों के लिए ऑनलाइन खाता खोलने एवं ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

3. बिक्री एवं सीआरएम

अनन्या परियोजना का उद्देश्य बिक्री एवं सीआरएम को एक संपूर्ण प्रक्रिया –संभाव्य ग्राहकों के चयन से लेकर उसके परिवर्तन तक, के रूप में व्यवस्थित करना है। इस संबंध में व्यापक कारोबार (लीड) प्रबंधन प्रणाली का निर्माण करने के लिए एक ऐप बनाया गया है जो बिक्री और विपणन की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त बैंक लक्षित विपणना को हासिल करने के लिए अपने पास मौजूद डाटा का विनियोग बृहद डाटा विश्लेषण के लिए करता है। इस लक्ष्य को हासिल करने और इस क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, यह परियोजना बैंक के विपणन संसाधनों को सशक्त बनाने के लिए भी प्रयास करता है।

4. मानव संसाधन विकास

इसके अंतर्गत संगठनात्मक उद्देश्यों के अनुरूप सर्वस्तरीय परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को सर्वदा अभिप्रेरित और नियोजित रखने के लिए संगठन को प्रतिभा आधारित संगठन के रूप उभरने के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए संगठनात्म क पुनर्संरचना की जाती है। इस माड्यूल के अंतर्गत बैंक की कार्यनिष्पादन प्रबंधन प्रणाली, प्रशिक्षण संरचना और कर्मचारी उत्पादकता व क्षमता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास भी किया जाता है। कर्मचारियों का प्रोत्साहितकर यह विश्वास दिलाया जाता है कि वे सर्वोत्तम संस्था में काम कर रहे हैं।

समितियों का दौरा वर्ष 2017-18

1) 15 से 22 अप्रैल तक जामनगर, मुंबई एवं भुवनेश्वर में "अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति" का निरीक्षण। विषय- आरबीआई (वाणिज्यिक बैंकों एवं चयनित वित्तीय संस्थानों द्वारा धोखाधड़ी वर्गीकरण एवं उसकी रिपोर्टिंग) दिशानिर्देश, 2016 तथा नए मूल्य वर्ग के जाली नोटों की पहचान और जब्त करना एवं बैंकिंग प्रणाली/ अर्थव्यवस्था में उनकी पुनः प्रविष्टि का रोकना। दि. 16.04.2017, 19.04.2017 एवं 20.04.2017 को क्रमशः जामनगर, मुंबई एवं भुवनेश्वर में संपन्न इस समीति की बैठक ने बैंक ने सहभागिता की।

Contact Centre

Contact Centres at Hyderabad and Mohali have started providing a 24 hour in-bound services for the customers and public, apart from out-bound call activity.

2. Digital Banking

With the advent of heavy digitization in the life of customers, as well as the significant digital push by the Government in banking, improving our digital banking channels and driving adoption among customers is prime pillar of project Ananya. It aims to improve features of existing digital channels viz internet banking, mobile banking, simplified on-boarding process and drive for better adoption among existing and new customers. Equipped Ananya branches with Digi Zones powered by self-service machines such as ATM, Bunch Note Acceptor (BNA) and Passbook update Machines for adoption of digital channels. We have also provided Online Saving Account opening and Online Loan application request for the convenience of the customers.

3. Sales & CRM

Project Ananya aims to streamline Sales and CRM as an end to end process- from targeting potential customers to final conversion. An App is developed for comprehensive Lead Management System which would facilitate sales and marketing. Further Bank data is used to drive Big Data Analytics to achieve targeted marketing. In order to achieve all this, and ensure sustainability, the project also aims to strengthen and focus on the marketing resources.

4. Human Resource Development

Organizational restructuring to ensure a top to bottom alignment with organizational objective, while paving the path for a meritocracy based organization, keeping employees motivated and engaged. This module also aims to address the Bank's performance management system, Training structure and employee efficiency and productivity. To give confidence to employees by motivating them so that they feel your bank is the best Bank to work with.

COMMITTEES VISITED DURING THE YEAR 2017-18

1. *Parliamentary Committee on Subordinate Legislation* to Jamnagar, Mumbai, & Bhubaneswar from 15th to 22nd April. Subject- RBI (Frauds classification and reporting by commercial banks and select FIs) Directions, 2016 and detection, Confiscation and prevention of counterfeit notes of the new denominations re-entering the banking system/economy. Our bank had attended the Meeting at Jamnagar on 16.04.2017, Mumbai on 19.04.2017 and at Bhubaneshwar on 20.04.2017.

2) 5 से 13 मई, 2017 तक ऊटी एवं कोयंबत्तूर में "सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - सार्वजनिक एवं निजी बैंकों के एटीएम प्रणाली पर साइबर-अटैक के संबंध में दि. 22.11.2016 को जारी यूएसक्यू सं. 727 एवं बैंक के ग्राहकों की सुरक्षा पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के संबंध में दिनांक 29.11.2016 को जारी यूएसक्यू सं.1516। दि. 12.05.2017 को कोयंबत्तूर में संपन्न समिति की बैठक में हमारे बैंक ने सहभागिता की।

3) 2 से 9 मई, 2017 तक नैनीताल में "संसदीय राजभाषा समिति" का दौरा। विषय - राजभाषा कार्यान्वयन। दि.08.05.2017 को नैनीताल में संपन्न समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

4) 11-16 मई 2017 तक मुंबई, पुणे और कोच्चि में "वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति" का दौरा । विषय - भारत में बैंकिंग क्षेत्र - चुनौतियाँ एवं भविष्य, वित्तीय समावेशन - योजनाएँ, लक्ष्य एवं उपलब्धियाँ, डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर रूपांतरण । 15.05.2017 को कोच्चि में संपन्न समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

5) 30 मई से 02 जून 2017 तक कोच्चि एवं मूनार में "याचिका संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों में एनपीए में हो रही क्रमिक वृद्धि की जांच की याचिका पर चर्चा। दि. 01.06.2017 को मुन्नार में संपन्न समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की (हमारा बैंक नोडल एजेंसी रहा)।

6) 06 जून से 11 जून 2017 तक बेंगलूरु, चेन्नई, कोच्चि एवं मुन्नार में "शहरी विकास संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - शहरी विकास । दि.06.06.2017 को संपन्न समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

7) 21 से 26 जून, 2017 तक विजयवाड़ा, चेन्नई एवं कोलकाता में "अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - भारत में मोबाइल बैंकिंग लेनदेनों पर भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर परिपत्र - बैंकों के लिए जारी परिचालनगत दिशानिर्देश दिनांक 01 जुलाई 2016 तथा आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल राज्य में विमुद्रीकरण के पश्चात नए मूल्य वर्ग के जाली नोटों को पहचानना एवं रोकना व जब्त करना। दि. 22.06.2017, दि. 23.06.2017 एवं 25.06.2017 को क्रमशः विजयवाड़ा, चेन्नई एवं कोलकाता में संपन्न समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

8) 27 अगस्त से 01 सितंबर, 2017 तक भुबनेश्वर एवं हैदराबाद में "सरकारी आश्वासनों संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - सार्वजनिक बैंकों की ऋण स्वीकृति में पाई जाने वाली अनियमितता पर दि. 21.03.2017 को जारी यूएसक्यू सं. 2175 से उत्पन्न आश्वासन के संबंध में दि. 01.09.2017 को हैदराबाद में संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

9) 27 अगस्त से 2 सितंबर, 2017 तक हैदराबाद, जयपुर एवं लखनऊ में "अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग(एमएसएमई) क्षेत्र को दिए जाने वाले उधार पर भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर दिशानिर्देश- दिशानिर्देश-2017; दबावग्रस्त आस्तियों के धारणीय ढांचे के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की योजना, विभिन्न वर्गों में एनपीए की वृद्धि के कारण बैंकों को हो रही समस्याएँ, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, और तेलंगाना राज्य में राज्य में विमुद्रीकरण के पश्चात पाए गए नए मूल्य वर्ग के जाली नोटों को पहचानना एवं रोकना व जब्त करना। दि. 28.08.2017 एवं 30.08.2017 को क्रमशः हैदराबाद एवं जयपुर में संपन्न समिति की बैठक (हैदराबाद में हमारा बैंक नोडल बैंक रहा) में बैंक ने सहभागिता की।

2. *Parliamentary Committee on Government Assurances* visited Ooty & Coimbatore from 5th–13th May 2017. Subject - USQ No.727 dated 22.11.2016 regarding Cyber attack on ATM System of Public and Private Banks and USQ 1516 dated 29.11.2016 regarding RBI guidelines on safety of Bank customers. Our bank had attended the meeting at Coimbatore on 12.05.2017.

3. *Parliamentary Committee on Official Language* visited to Nainital from 2nd - 9th May 2017. Subject - Implementation of Official Language. Our Bank had attended meeting at Nainital on 8.5.2017.

4. *Parliamentary Standing Committee on finance* visited Mumbai, Pune & Kochi from 11th – 16th May 2017. Subject-Banking sector in India – challenges and way forward. Financial Inclusion-schemes, targets and achievements. Transformation towards a digital economy. Our Bank had attended the meeting at Kochi on 15.5.2017.

5. *Parliamentary Committee on Petition* visited Kochi & Munnar from 30th May to 02nd June, 2017. Subject – Petition praying to check sudden surge in NPAs in Public Sector Banks. Our Bank had attended meeting at Munnar on 1.6.2017. (Our Bank was Nodal Agency).

6. *Parliamentary Committee on Urban Development* visited Bengaluru, Chennai, Kochi & Munnar from 06th – 11th June 2017. Subject – Urban Development. Our Bank had attended meeting at Bangalore on 6.6.2017. (Our Bank was Nodal Agency).

7. *Parliamentary Committee on Subordinate Legislation* to Vijayawada, Chennai, & Kolkata from 21st to 26th June 2017. Subject – Reserve Bank of India Master circular on Mobile Banking Transaction in India – Operative guidelines for Banks dated 1st July 2016 & Detection, confiscation and prevention of counterfeit notes in new currency post demonetization in the states of Andhra Pradesh, Tamil Nadu and West Bengal. Our Bank had attended the meeting at Vijayawada on 22.6.2017, Chennai on 23.6.2017 and at Kolkatta on 25.06.2017.

8. *Parliamentary Committee on Government Assurances* visited Bhubaneshwar & Hyderabad from 27th Aug– 1st Sep 2017. Subject - In connection with the Assurance arising from USQ No. 2175 dated 21.03.17 regarding irregularities in sanctioning loans by PSBs. Our Bank had attended meeting at Hyderabad on 1.9.2017.

9. *Parliamentary Committee on Subordinate Legislation* to Hyderabad, Jaipur & Lucknow from 27th to 02nd Sept 2017. Subject - Master direction-RBI {Lending to Micro, Small & Medium Enterprises (MSME) sector}-Directions 2017; RBI scheme for sustainable structuring of stressed Assets, problems faced by Banks due to rising NPA of different categories; Detection, confiscation and prevention of counterfeit notes in new currency post demonetisation in the states of Uttar Pradesh, Rajasthan & Telangana. Our bank had attended meeting at Hyderabad on 28.8.2017 (Our Bank was Nodal Agency), and on 30.8.2017 at Jaipur.

10) दिनांक 10 से 17 अक्टूबर 2017 तक दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, तिरुश्शूर, अगत्ती और कवरत्ती में ''संसदीय राजभाषा समिति'' का दौरा । दिनांक 14.10.2017 को कवरत्ती में संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

11) 04 से 09 नवंबर, 2017 तक बेंगलूरु, विशाखपट्टनम एवं मुंबई में ''अधीनस्थ विधान संबंधी संसदीय समिति'' का दौरा । विषय – स्टैंड अप इंडिया योजना, कर्नाटक राज्य में नए मूल्य वर्ग के जाली नोटों को रोकने एवं पहचान पर जब्त करने संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मास्टर परिपत्र तथा भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर निर्देश – प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र – लक्ष्य एवं वर्गीकरण तथा आंध्रप्रदेश और कर्नाटक राज्यों में नए मूल्य वर्ग के जाली नोटों को रोकने एवं पहचान पर जब्त करना । दि. 04.11.2017, 06.11.2017 एवं 08.11.2017 को क्रमशः बेंगलूरु, विशाखपट्टनम एवं मुंबई में संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की।

12) दिनांक 14 से 19 जनवरी 2018 तक सूरत, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलूरु में वाणिज्य संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय – भारतीय उद्योग पर चीन की सस्ती उपभोक्ता सामग्री का प्रभाव । दि.19.01.2018 में बेंगलूरु में संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की ।

13) दिनांक 15 से 19 जनवरी 2018 तक बेंगलूरु, तिरुपति और चेन्नई में उद्योग संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय – ऋण सहबद्ध पूंजी सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस) के कार्यान्वयन में समस्याएँ । दिनांक 16.01.2018 को बेंगलूरु में संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की ।

14) दिनांक 23 से 24 जनवरी 2018 तक अहमदाबाद और बेंगलुरु में श्रम संबंधी संसदीय समिति" का दौरा । विषय– मजदूरी विधेयक 2017 संबंधी संहिता पर सलाह/समीक्षा तथा सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्रक कार्यालयों/संस्थानों में स्थायी प्रकृति के कार्यों के लिए संविदा/दैनिक/सफाई कर्मचारियों की तैनाती । दिनांक 24 जनवरी, 2018 को संपन्न इस समिति की बैठक में बैंक ने सहभागिता की । (यहाँ हमारा बैक नोड़ल एजेंसी रहा)

अनुपालन नीति

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित अनुपालन नीति में स्पष्ट किया गया है कि आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के साथ-साथ अनुपालन कार्य, अभिशासन का एक अभिन्न अंग है। अनुपालन विभाग का नेतृत्व मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा किया जाता हैं, जो बैंक के अनुपालन संबंधी कार्यों को देखते हैं और शीर्ष प्रबंधन को जोखिम अनुपालन के प्रबंधन में सहायता करते हैं।

उच्च अनुपालन मानक हेतु बैंक की वचनबद्धता को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ सुधार लाने के लिए अनुपालन प्रकार्य की नियमित समीक्षा की जाती है। अनुपालन नीति की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है और अर्जित अनुभव एवं उपयोगिता के आधार पर अपेक्षित संशोधन किया जाता है।

10. *Parliamentary Committee on Official Language* visited Delhi, Mumbai, Kochi, Thrissur, Agatti & Kavrati from 10th – 17th Oct 2017. Our bank had attended meeting at Kavaratti on 14.10.2017.

11. *Parliamentary Committee on Subordinate Legislation* to Bengaluru, Vishakhapatnam and Mumbai from 04th to 09th Nov 2017. Subject - Stand Up India Scheme; RBI Master circular on Detection and Impounding Counterfeit Notes; and detection, confiscation and prevention of counterfeit notes of the new currency in the state of Karnataka. RBI Master Direction – Priority Sector Lending – Targets and classification, RBI Master circular on Detection and Impounding Counterfeit Notes; and detection, confiscation and prevention of counterfeit notes of the new currency in the state of Karnataka and Andhra Pradesh. Our Bank had attended the meeting at Bangalore on 4.11.2017, Vishakhapatnam on 6.11.2017 and Mumbai on 8.11.2017.

12. *Parliamentary Committee on Commerce* to Surat, Mumbai, Hyderabad & Bengaluru from 14th to 19th January 2018. Subject - Impact of cheap Chinese consumer goods on Indian Industry. Our Bank had attended the Meeting at Bengaluru on 19.1.2018.

13. *Parliamentary Committee on Industry* to Bengaluru, Tirupathi & Chennai from 15th – 19th January 2018. Subject – Issue in implementation of Credit Linked Capital Subsidy Scheme (CLCSS). Our Bank had attended the meeting at Bengaluru on 16.1.2018.

14. *Parliamentary Committee on Labour* to Ahmedabad & Bengaluru 23rd to 24th January 2018. Subject – Suggestions/views on the 'Code on Wages Bill 2017' and 'Deployment of Contract/Casual/Sanitation workers for Perennial nature of jobs in Government/PSU offices/Establishments. Our Bank had attended the meeting on 24th January 2018. (Our Bank was Nodal Agency).

COMPLIANCE POLICY

Compliance policy approved by the Board of Directors of the Bank articulates that the compliance function is an integral part of governance along with the internal control and risk management process. The compliance department headed by a Chief Compliance Officer. He oversees the compliance functions in the Bank and assists the top management in managing the compliance risk.

Continuing with the Bank's commitment to high compliance standards, compliance function is reviewed regularly for making improvements. The compliance policy is reviewed every year and amendments, if necessary, are carried out based on the experience gained and utility aspect.

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

बैंक द्वारा अक्तूबर 2005 से इस अधिनियम के संगत प्रावधानों का कार्यान्वयन किया गया है। अधिनियम के तहत निर्धारित बैंक संबंधी सूचना बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अधिनियम के अंतर्गत बैंक के लिए अपीलीय प्राधिकारी और विभिन्न स्तरों पर जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) एवं वैकल्पिक जन सूचना अधिकारी (एपीआईओ) पदनामित किए गए हैं। अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न स्तरों की भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्वों को बैंक ने स्पष्ट किया है। वर्ष के दौरान बैंक ने 22 अपीलीय प्राधिकारियों, 87 जनसूचना अधिकारियों, 98 वैकल्पिक जनसूचना अधिकारियों एवं एक पारदर्शिता अधिकारी को आरटीआई मामलों के सही ढंग से संचालन के लिए नामोदिष्ट किया है।

संसदीय समिति के निदेशों के अनुसार, बैंक ने शीर्ष स्तर पर एक अनुप्रवर्तन समिति का गठन किया है जो आरटीआई अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करती है। वर्ष के दौरान समिति ने बैंक में आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा की है। बैंक ने आरटीआई मामले संभालनेवाले अपीलीय प्राधिकारियों/जन सूचना अधिकारियों/वैकल्पिक जन सूचना अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों को सहायता प्रदान करने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल प्रारंभ किया है। पीएसयू/सार्वजनिक प्राधिकरणों के साथ-साथ हमारा बैंक भी ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल के साथ जुड़ा हुआ है। बैंक के पीआईओ/एफएए, ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल के जरिए प्राप्त आवेदनों/अपीलों का भी निपटान करते हैं। वर्ष के दौरान, बैंक को 3121 आरटीआई आवेदन तथा 429 प्रथम अपील प्राप्त हुई। बैंक ने निर्धारित समय के भीतर सभी आवेदनों एवं अपीलों का निपटान किया है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

प्रधान कार्यालय, मणिपाल, कर्नाटक में बैंक का निरीक्षण विभाग कार्यरत है जो बैंक के दैनिक क्रियाकलापों से स्वतंत्र है और बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन की जाँच करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार से प्राप्त आंतरिक नियंत्रण संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक का निदेशक मंडल, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) तथा कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) जो बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का हिस्सा होते हैं।

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) बैंक के आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों पर नजर रखती है और बैंक में प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के विकास हेतु मार्गदर्शन देती है। यह कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति (एसीई) और बैंक के निरीक्षण विभाग के कार्यों की भी निगरानी करती है।

एसीई की अध्यक्षता लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण विभाग के प्रभारी कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है और प्रधान कार्यालय व कॉरपोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक इसके सदस्य होते हैं तथा यह लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग के स्तर से ऊपर की समिति है। बैंक के अन्य कार्यपालक निदेशक को भी इस बैठक में आमंत्रित किया जाता है। समिति एसीबी के समक्ष रखे गए सभी टिप्पणों की समीक्षा करती है एवं लेखापरीक्षा के दौरान पाए गए मुख्य प्रेक्षणों के अनुपालन की निगरानी करती

RIGHT TO INFORMATION ACT 2005

Your Bank has implemented the relevant provisions of the act with effect from October 2005. The information related to the Bank as stipulated under the act is displayed on the Bank's website.

The Appellate Authorities for the Bank under the act and the Public Information Officers (PIOs) and Alternate Public Information Officers (APIOs) at various levels have been designated. The Bank has clearly spelt out the roles and responsibilities at different levels under the act. During the year the Bank has designated 22 Appellate Authorities, 87 PIOs and 98 Alternate PIOs and one transparency officer for smooth functioning of RTI matters.

As directed by the Parliamentary Committee, the Bank has constituted a monitoring committee at apex level to oversee the implementation of the RTI Act. During the year, the committee has reviewed the effectiveness of implementation of the RTI act in the Bank. The Bank has started online RTI portal on Bank's intranet for assisting Appellate Authorities/ PIOs/Alternate PIOs and Nodal officers handling RTI matters. Bank is also linked to the online RTI portal along with other PSUs/Public Authorities. The PIOs/FAAs of the Bank are receiving and replying to applications/ appeals through online RTI portal also. The bank has received 3,121 No. of RTI applications and 429 first appeals in the year. During the year, the Bank has disposed of all the applications and all appeals received, within the stipulated time.

INTERNAL CONTROL SYSTEM

The Bank has an Audit and Inspection Department, which is independent of everyday activities of the Bank located at Head Office, Manipal, Karnataka that examines the adherence to systems, procedures, and policies of the Bank. The guidelines received on internal control from RBI, GoI, Bank's Board, Audit Committee of the Board (ACB) and Audit Committee of Executives (ACE) constitutes part of the internal control system for better Risk Management.

Audit Committee of the Board (ACB) oversees the internal audit function of the Bank and guides the Bank in developing effective internal control systems. It also monitors the functioning of the Audit Committee of Executives (ACE) and Audit and Inspection Department of the Bank.

The ACE, comprising of the Executive Director in charge of the Audit & Inspection Department as Chairman and the General Managers of Head Office & Corporate Office as members is a layer above the Audit and Inspection Department. The other Executive Director also participates in the meeting as invitee. The committee reviews all the notes to be placed before the ACB and monitors

है तथा उत्तम जोखिम प्रबंधन के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में प्रक्रियात्मक सुधार, नीतिगत परिवर्तनों, पाई गई कमियों के संशोधन के लिए निर्देश देती है।

नीतियों, प्रक्रियाओं एवं आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों के अनुपालन की जाँच करते हुए शाखाओं तथा कार्यालयों में विभिन्न प्रकार के लेखा-परीक्षणों को अंजाम देने के लिए आठ आंचलिक निरीक्षण केंद्र (जेडआइसी), लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण विभाग की मदद करते हैं।

बैंक के पास बोर्ड अनुमोदित पूर्ण परिभाषित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति उपलब्ध है जिसके तहत जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, संगामी लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा, अनुपालन लेखापरीक्षा, विशेष लेखापरीक्षा, अपने ग्राहक को जानिए/धनशोधन निवारण (केवाईसी/एएमएल) अनुपालन, परोक्ष निगरानी, आंतरिक लेखापरीक्षा, आय स्राव की पहचान, में सहायता हेतु सेवानिवृत्त अधिकारियों को सूचीबद्ध करना, प्रापण लेखापरीक्षा आदि आते हैं। वार्षिक आधार पर नीति की समीक्षा/अद्यतन की जाती है।

आपका बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पहला बैंक है, जिसने सॉफ्टवेयर आधारित आरबीआईए क्रियान्वित किया है। 01.07.2014 से बैंक ने सॉफ्टवेयर आधारित संगामी लेखापरीक्षा को भी क्रियान्वित किया है। संगामी लेखापरीक्षकों/शाखाओं से प्राप्त फीड बैक के आधार पर, बैंक ने संगामी लेखापरीक्षा सॉफ्टवेयर का पुन: निरीक्षण करके अधिक प्रयोक्तानुकूल विशेषताओं के साथ उसका पुनरोत्थान किया है। बैंक ने मौजूदा सॉफ्टवेयर के नए संस्करण में उन्नयन किया है जो शाखाओं/कार्यालयों के जोखिम रेटिंग में वस्तुनिष्ठता सुनिश्चित करने में अत्यधिक कारगर सिद्ध होगा। इस प्रकार जोखिम निर्धारण के आधार पर अनुपालन की दृष्टि से शाखाओं की निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा सकेगा।

सभी शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) के साथ उच्च जोखिम क्षेत्र; जैसे: विशिष्ट शाखाएँ, कोष एवं अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग विभाग, विदेशी विनिमय संसाधन केंद्र (एफएक्सपीसी), निधि एवं निवेश प्रबंधन प्रभाग, पूँजी बाज़ार सेवाएँ, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, कार्ड सेंटर तथा उच्च प्रमात्रावाली कारोबारी शाखाएँ आदि की संगामी लेखापरीक्षा को जोड़ा गया है।

वार्षिक लेखापरीक्षा योजना (एएपी) को आंतरिक लेखापरीक्षा नीति के अनुरूप बनाया गया है जिसमें वर्ष के लिए लेखापरीक्षा योजना की अनुसूची और सिद्धांत शामिल हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान, निरीक्षण विभाग ने कुल 3548 लेखापरीक्षा पूर्ण कर ली हैं, जिनमें 2908 जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, 488 अनुपालन लेखापरीक्षा, और 1052 ऋण लेखापरीक्षा शामिल हैं।

